34 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-35 अंक-340 | रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com








## लोकसभा चुनाव : 13 राज्यों की 88 सीटों पर 70.05% हुई वोटिंग

### त्रिपुरा-मणिपुर में 75% से ज्यादा , महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53% मतदान



**नई दिल्ली (ए)।** 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज में शुक्रवार 26 अप्रैल को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग हुई। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 77.93% वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53% के आसपास मतदान हुआ। 2019 के आम चुनावों में इन सीटों पर 70.05% मतदान हुआ था।

वोटिंग के दौरान मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र को हाईजैक किया गया। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोकी। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई।

सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हुई।

आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी। 2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं।

चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 1,202 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष और 102 महिला उम्मीदवार हैं। दो प्रत्याशी थर्ड जेंडर से है।

**88 सीटों पर मतदान के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| असम- | 70.68 प्रतिशत |
| बिहार- | 53.60 प्रतिशत |
| छत्तीसगढ़- | 72.51 प्रतिशत |
| जम्मू-कश्मीर- | 67.22 प्रतिशत |
| कर्नाटक- | 64.46 प्रतिशत |
| केरल- | 64.95 प्रतिशत |
| मध्य प्रदेश- | 55.19 प्रतिशत |
| महाराष्ट्र - | 53.71 प्रतिशत |
| मणिपुर- | 76.46 प्रतिशत |
| राजस्थान- | 59.54 प्रतिशत |
| त्रिपुरा- | 77.95 प्रतिशत |
| उत्तर प्रदेश- | 53.02 प्रतिशत |
| पश्चिम बंगाल- | 71.84 प्रतिशत |

## प्रदेश की तीन सीटों पर 72.51% मतदान

### कांकेर में सबसे ज्यादा वोट पड़े

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव/ महासमुंद/ कांकेर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न हो गया है। इस चरण में छत्तीसगढ़ की 3 लोकसभा सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में वोटिंग हुई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि शाम 6 बजे तक प्रदेश के 3 लोकसभा सीट पर 72.51 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे ज्यादा कांकेर सीट पर 73.50% और सबसे कम महासमुंद सीट पर 71.13त्न मतदान हुआ है।

पिछले चुनाव में कांकेर में 77.2%, महासमुंद में 77.1% और राजनांदगांव में 78.6% मतदान हुआ था। इस लिहाज से अभी जो आंकड़ा सामने आया है, वो पिछले चुनाव की तुलना में कम है। हालांकि जब चुनाव आयोग फाइनल नंबर जारी करेगा, उसमें मतदान का आंकड़ा बढ़ सकता है।



**भूपेश बघेल ने राजनांदगांव में किया जीत का दावा :** गंडई पहुंचने पर भूपेश बघेल बोले- राजनांदगांव में मेरी जीत तय। 45 दिनों में 1000 गांव घूमा। जनता ने कांग्रेस को वोट दिया है। भास्कर रिपोर्ट देव्रवत भगत ने गंडई में वोटिंग समाप्त होने के बाद भूपेश बघेल से बातचीत की। गंडई के प्राथमिक शाला केंद्र में कोटवार ने शाम 6 बजे मतदान समाप्ति की घोषणा की। अब जो अंदर रह गए हैं वो ही मतदान करके निकलेंगे।

| मतदान | प्रतिशत |
|---|---|
| कांकेर | 73.50% |
| महासमुंद | 71.13% |
| राजनांदगांव | 71.87% |

## ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों के सपने चूर-चूर हुए : मोदी



**फारबिसगंज (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडी गठबंधन) को लोकतंत्र, संविधान और गरीब विरोधी बताया और कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर उच्चतम न्यायालय के आज के फैसले से मतपेटियों को लूटने इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका लगा कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए।

श्री मोदी ने शुक्रवार को अररिया संसदीय क्षेत्र के फारबिसगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजद, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को न देश के संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र की परवाह है। गठबंधन के हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है लेकिन आज देश के लोकतंत्र और बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की ताकत देखिए, सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका दिया है कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले पोलिंग बूथ और बैलट पेपर लूट लिए जाते थे।

## ईवीएम के वोट वीवीपैट की पर्चियों से मिलान मतपत्रों से मतदान की याचिका खारिज

**नई दिल्ली (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग-अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया।



पीठ ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि ईवीएम नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपीएटी को मतगणना के परिणाम घोषित होने के 07 दिनों के भीतर (माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम में नष्ट हुई मेमोरी की जांच) उम्मीदवार के लिखित अनुरोध पर विनिर्माण कंपनियों के इंजीनियरों एक टीम द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में आने वाले खर्च अनुरोध करने वाले संबंधित उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा।

## वीवीपैट-ईवीएम में हम पक्षकार कभी नहीं रहे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)के माध्यम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) संबंधी याचिका के उच्चतम न्यायालय में खारिज होने के बाद शुक्रवार को कहा कि जिन याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई उनमें कांग्रेस कभी पक्षकार नहीं रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी इस याचिका में पक्षकार नहीं रही है। उन्होंने कहा, वीवीपैट पर जिस याचिका को आज सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है उसमें कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक पक्ष नहीं थी। हमने दो न्यायाधीशों की पीठ के फैसले को संज्ञान में लिया है। चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बनाये रखने और इसे बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा।

## संदेशखाली में सीबीआई ने एनएसजी कमांडो के साथ सर्चिंग की, कई जगह हथियार-गोला बारूद मिला

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शुक्रवार 26 अप्रैल को संदेशखाली में कई जगहों पर सर्चिंग की। इस दौरान जांच एजेंसी विदेशी पिस्टल समेत कई हथियार, बम और गोला-बारूद बरामद किया। इसके बाद हस्त्र कमांडो भी संदेशखाली पर पहुंचे। हस्त्र टीम भी तलाशी अभियान चला रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह सर्चिंग 5 जनवरी को शाहजहां शेख के घर दबिश देने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले से जुड़ी है। ईडी की टीम 5 जनवरी को राशन घोटाला मामले में शाहजहां के ठिकानों पर रेड करने गई थी।

## मुस्लिम लीग का एजेंडा लेकर चल रही कांग्रेस : शाह

समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 3 सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में मतदान हुआ। इस बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के बेमेतरा पहुंचे। यहां उन्होंने विजय बघेल के पक्ष में सभा करते कहा कि कांग्रेस मुस्लिम लीग के एजेंडे को आगे लेकर चल रही है।

बेमेतरा में सभा के चलते उन्होंने बिरनपुर की हिंसा के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि, छत्तीसगढ़ की जनता ने भुनेश्वर की हत्या को गंभीरता से लिया इसके बाद हमने उनके पिता को प्रत्याशी बनाया। ईश्वर साहू ने कद्दावर नेता का सुपड़ा साफ कर दिया।



(शेष पेज-4 पर)

## आजकल मोदी घबराए हुए हैं, कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएंगे : राहुल



**बेंगलुरु (ए)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आजकल पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषण के दौरान काफी घबराए हुए रहते हैं। शायद कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएं।

राहुल ने कहा- पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है, जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में 1त्न ऐसे लोग हैं, जो 40त्न धन कंट्रोल करते हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा- मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी। जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे। राहुल ने कहा- यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह पिछले चुनावों से अलग है, क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी (भाजपा) और एक व्यक्ति (भाजपा) भारत के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

**कार्रवाई** ईरान के साथ व्यापार करने पर बौखलाया अमेरिका

## ईरान के साथ व्यापार करने वाली 3 भारतीय कंपनियां बैन

**वाशिंगटन (ए)।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरानी सेना की ओर से अवैध व्यापार और मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) हस्तांतरण की सुविधा के लिए दुनिया भर की कुछ अन्य कंपनियों सहित तीन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए। पिछले कुछ हफ्तों में वाशिंगटन और तेहरान के बीच बढ़े तनाव के बीच ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि इन कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों ने यूक्रेन में रूस के युद्ध के लिए ईरानी यूएवी की गुप्त बिक्री को सुविधाजनक बनाने और वित्तपोषण करने में केंद्रीय भूमिका निभाई है।



अमेरिका ने 'सहारा थंडर' का समर्थन करने के लिए तीन भारतीय कंपनियों - ज़ेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड पर प्रतिबंध लगाया है। कंपनी बिक्री में शामिल विशाल शिपिंग नेटवर्क पर निर्भर है। ईरान के रक्षा मंत्रालय और सशस्त्र बल लॉजिस्टिक्स (एमओडीएएफएल) की ओर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी), रूस और वेनेजुएला सहित कई न्यायालयों में ईरानी वस्तुओं की शिपमेंट की है। सहारा थंडर ने कुक आइलैंड्स-ध्वजांकित जहाज CHEM के लिए भारत स्थित ज़ेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाइम-चार्टर अनुबंध में प्रवेश किया है, जिसका प्रबंधन और संचालन संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेफ सीज़ शिप मैनेजमेंट स्र्ंश्च द्वारा किया जाता है। अमेरिकी विभाग के अनुसार, ईरान स्थित एशिया मरीन क्राउन एजेंसी ने कई सहारा थंडर शिपमेंट का समर्थन करते हुए, ईरान के बंदर अब्बास में बंदरगाह एजेंट के रूप में काम किया है। भारत स्थित सी आर्ट शिप मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और यूएई स्थित कंपनी ट्रांस गल्फ एजेंसी एलएलसी ने सहारा थंडर के समर्थन में जहाज प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए मिलकर काम किया है।

## महादेव सट्टा ऐप का इंडिया हेड लखनऊ से गिरफ्तार

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** महादेव सट्टा ऐप से जुड़े लोगों पर लगातार कार्रवाई जारी है। प्रवर्तन निदेशालय और छत्तीसगढ़ ईओडब्ल्यू के बाद अब यूपी एसटीएफ ने लखनऊ से अभय सिंह और संजीव सिंह को गिरफ्तार किया है। अभय महादेव बुक और दूसरे गेमिंग बेटिंग ऐप का इंडिया हेड है। संजीव उसका सहयोगी है। अभय पर अरबों की जालसाजी का आरोप है। दोनों देवरिया के रहने वाले हैं।




महादेव बुक का नेटवर्क अभय सिंह का फुफेरा भाई अभिषेक दुबई से चलाता है। 32 कंपनियों के नाम पर इंडिया से 4 हजार सिम दुबई भेजी गई थी। इन्हीं सिम के जरिए जालसाजी का खेल खेला जाता था। इस पूरे सिस्टम को ऑपरेट करने के लिए 12 हजार लोगों को नौकरी पर दुबई भेजा गया था।

## फर्स्ट कालम

### पहलवानों से यौन शोषण के आरोपी ब्रजभूषण की याचिका खारिज

**गोंडा।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी। बृजभूषण ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की दोबारा जांच कराने की मांग की थी। कोर्ट अब 7 मई को आरोप तय करेगी। बृजभूषण ने दावा किया था कि घटना के दिन 7 सितंबर 2022 को वह दिल्ली में नहीं थे, इसलिए इन आरोपों की दोबारा जांच की जाए। उन्होंने आरोप लगाने वाली पहलवानों की सीडीआर (कॉल डिटेल रिपोर्ट) की कॉपी भी मांगी है।

### कोलकाता एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल

**कोलकाता।** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि उन्हें एक धमकी भरा ई-मेल मिला था, जिसमें दावा किया गया कि एयरपोर्ट कैंपस में अलग-अलग जगहों पर बम लगाए गए हैं। इनमें दोपहर 12.55 बजे बम धमाका होगा। बम की खबर मिलते ही एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि, जांच के बाद मेल एक अफवाह निकली। पुलिस ने बताया कि एयरपोर्ट अधिकारी, CISF और बिधाननगर पुलिस ई-मेल के सोर्स और भेजने वाले का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं।

### पंजाब में संगठित आपराधिक गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ ) ने केंद्रीय एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में चरणजीत सिंह उर्फ राजू शूटर द्वारा संचालित संगठित आपराधिक गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि सितंबर 2023 में यह गिरोह तरनतारन के गांव ढोटियां में एक बैंक को लूटने के असफल प्रयास में शामिल था, जिसमें आरोपी व्यक्तियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### दरभंगा में आतिशबाजी से लगी आग में एक ही परिवार के छह की मौत

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को यहां बताया कि अंटोर गांव में गुरुवार की देर रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी। शामियाना एवं बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की, जिससे शामियाना में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया। इस दौरान आग के फैलने से वहां रखा सिलेंडर विस्फोट कर गया।

### जम्मू-कश्मीर के सोपोर में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को दो आतंकी मार गिराए। यहां सुरक्षाबलों ने गुरुवार को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। इस दौरान एक नागरिक के कंधे में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे श्रीनगर रेफर कर दिया गया।मुठभेड़ अभी भी जारी है। नौपोरा इलाके में एक घर के अंदर आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 : मतदान को लेकर मतदाताओं में देखा गया अभूतपूर्व उत्साह

## सुबह 07 बजे से लगने लगी लंबी लाइन, महिला और पुरूष मतदाताओं ने उमंग के साथ किया मतदान

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** लोकसभा निर्वाचन को लेकर मतदान दिवस 26 अप्रैल के दिन कबीरधाम जिले के कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी 804 मतदान केन्द्रों में लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को लेकर मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदान के समय सुबह 7 बजे से जिले के सभी मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की प्रकिया शुरू हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोब और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने वनांचल सहित शहर एवं मैदानी क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुंच कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कबीरधाम जिले के कुल मतदान केन्द्रों के 50 प्रतिशत 402 मतदान केन्द्रों के मतदान प्रक्रिया और गतिविधियों की सीधी मॉनिटरिंग और निगरानी के लिए वेब कॉस्टिंग की गई। विधानसभा-71 पंडरिया के 197 एवं 72 कवर्धा के 205 मतदान केन्द्र वेब कांस्टिग की गई। शहरी क्षेत्र के 82 और ग्रामीण क्षेत्र के 320 मतदान केन्द्र में वेब कांस्टिग की गई। वहीं जिले के इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के 42 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। इनमें दोनों विधानसभा में 05-05 आदर्श मतदान केन्द्र, 10-10 मतदान केन्द्रों को महिला मतदान केन्द्र और 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 5-5 मतदान केन्द्र को युवा मतदान केन्द्र के रूप में विशेष रूप से साज-सज्जा कर तैयार किया गया था। इन सभी मतदान केन्द्रां के मतदाताओं में भी उत्साह और उमंग देखा गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले के कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के 804 मतदान केन्द्रों की मतदान का प्रतिशत हर दो घंटे में संकलित कर रिपोर्ट तैयार की जा रही थी। सुबह 7 बजे से मतदान प्रांरभ हुआ। 9 बजे तक जिले के दोनो विधानसभा में मतदान प्रतिशत 13-13 रहा। मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया और 11 बजे कवर्धा विधानसभा का प्रतिशत 23.44 और पंडरिया विधानसभा का 28.35 प्रतिशत रहा। दोपहर 1 बजे तक मतदान का प्रतिशत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र का 46.32 प्रतिशत और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र का 45.78 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार दोपहर 3 बजे तक मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ता गया और 3 बजे की स्थिति में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र का मतदान का प्रतिशत 59.84 और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 56.70 रहा। शाम 05 बजे तक जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान को लेकर उत्साह बना हुआ था। शाम पांच बजे की स्थिति में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 70.2 और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र का 68.30 प्रतिशत रहा।



### जिला मुख्य न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने मतदान किया



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले की जिला मुख्य न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने कवर्धा के गंगा नगर स्थित आदर्श मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक स्कूल में पहुचकर मतदान किया। उन्होंने मतदान के बाद सेल्फी जोन में पहुंचकर अपनी सेल्फी भी ली। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने का आग्रह भी किया।

### कलेक्टर, एसपी सहित प्रशासनिक अफसरों ने किया मतदान



**कवर्धा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कबीरधाम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने अपनी धर्मपत्नि श्रीमती शीतल महोबे के साथ कवर्धा के गंगानगर स्थित मतदान क्रेन्द्र पहुंचकर मतदान किया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक ने भी मतदान किया। कलेक्टर सहित अन्य जिला अधिकारियों ने अपनी बारी का इंतजार किया और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान बूथ में पहुंच कर मतदान किया। कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारियों ने मतदान के बाद सेल्फी जोन में पहुचकर अपनी सेल्फी भी ली।

## ▶▶ न्यूज ब्रीफ

### गंदगी फैलाने वाले से निगम ने वसूला दाण्डिक शुल्क

**भिलाईनगर।** नगर पालिका निगम भिलाई की टीम क्षेत्र में नियम विरुद्ध कार्य अथवा निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफलगातार कार्रवाई कर रही है । जोन 2 एवं 4 के टीम ने कचरा फेंकने वाले तथा गंदगी फैलाने वाले से 11000 रुपए दाण्डिक शुल्क वसूल किया है। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम प्रशासन की टीम क्षेत्र में होने वाले नियम विरुद्ध कार्य पर निगरानी रख रही है जोन 4 की राजस्व टीम राजस्व करो कि वसूली करते हुए अद्यौगिक क्षेत्र छावनी पहुंचा तो देखा कि वार्ड 41 में पी.डी.एस. भवन के पास बलजीत सिंह कुर्रे ने सीमेंट के डस्ट से गंदगी फैला रखा रहा है। आस पास के लोगो ने बताया कि हवा तुफान में ये डस्ट उड कर साँसो में समा रहा है । निगम टीम के सदस्यो ने कुर्रे से दस हजार रूपये दाण्डिक शुल्क वसुलते हुए सीमेंट कार्य को घनी आबादी से हटाने को कहा है। इसी प्रकार जोन 2 के स्वास्थ अमले ने बोरी में भर कर मैदान में कचरा फेकने वाले सागर जायसवाल से एक हजार रूपये अर्थ दण्ड वसुल कियाहै। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील किया है कि कचरा नाली अथवा खुले मे नही फेंके घर तथा दुकान से निकलने वाले कचरे को डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले सफाई मित्रो को देवें।

### जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के खिलाफ पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई




**राजनांदगांव।** लिोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव प्रचार एवं जन जंपर्क अभियान के दौरान पवन जैन के साथ ग्राम डुंडेरा के नरेन्द्र वर्मा, भुखन वर्मा एवं नंद किशोर कंवर के द्वारा रास्ता रोकर अश्लील गाली गलौ कर जान से मारने की धमकी देने पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्व किया गया । प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी नरेन्द्र वर्मा, भुखन वर्मा को गिरफ्तार कर जमानत पर छोड़ा गया एवं पुनः चुनाव में शांति भंग एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित करने की अंदेशा पर विधिवत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई ।

### भिलाई स्टील प्लांट के हिस्से आया ये अवॉर्ड

**भिलाईनगर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कुल 09 कर्मचारियों ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा दिल्ली में आयोजित, 34वीं सीआईआई राष्ट्रीय कार्य-कौशल प्रतियोगिता 2024 में पुरस्कार जीते हैं। देश भर के विभिन्न निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के 211 प्रतिभागियों के बीच, बीएसपी के कर्मचारियों ने छह ट्रेडों में जीत हासिल की है। जिसमें कारपेंट्री, इलेक्ट्रिकल, इंडस्ट्रीयल हाइड्रोलिक्स, पीएलसी, टर्नर और वेल्डर ट्रेड शामिल हैं।इस उपलब्धि के लिए निदेशक प्रभारी (सेल-बीएसपी) अनिर्बान दासगुप्ता ने 25 अप्रैल 2024 को इस्पात भवन में, विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं बीई) निशा सोनी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।13 कर्मचारियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। नई दिल्ली में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता 2024 में बीएसपी के कुल 13 कर्मचारियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिनमें से 09 ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एसएमएस-2 के प्रमोद भोंडेकर ने कारपेंट्री ट्रेड में प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि एमआरडी के रामसजन ने कारपेंट्री ट्रेड में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। पीबीएस-2 के कार्तिक राम भगत ने इलेक्ट्रिकल ट्रेड में दूसरा पुरस्कार और सीओ एवं सीसीडी के अखिलेश कुमार ठाकुर ने इंडस्ट्रीयल हाइड्रोलिक्स ट्रेड में दूसरा पुरस्कार जीता।ए एंड डी विभाग से कुंचे साई किरण ने पीएलसी ट्रेड में प्रथम पुरस्कार तथा बीएफसी एवं एसजीपी के अखिल कुमार राठौड़ ने इसी ट्रेड में दूसरा पुरस्कार हासिल किया।दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस के ईश्वर लाल डड़सेना ने टर्नर ट्रेड में प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि बीआरएम के विजय महादेवराव वारघने ने टर्नर ट्रेड में दूसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही वेल्डर ट्रेड में मार्स-3 के परमेशर को प्रथम पुरस्कार मिला।इस अवसर पर अनिर्बान दासगुप्ता ने प्रतियोगिता के विजेताओं को संगठन का नाम रौशन करने के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा, कि जब हमारे संयंत्र के कर्मचारी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं।

# प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिले को किया गौरवान्वित

### प्रयास आवासीय विद्यालय के 18 विद्यार्थी आई.आई.टी. जे.ई.ई. एडवांस में क्वालीफाइड, कलेक्टर ने दी बधाई

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 12वीं सत्र 2023-24 में अध्ययनरत गणित विषय के 44 विद्यार्थियों ने आई.आई.टी. जे.ई.ई. मेन्स के लिए फार्म भरा था।

उक्त 44 विद्यार्थियों में से 18 विद्यार्थी आई.आई.टी. जे.ई.ई. एडवांस में क्वालीफाईड हुए है। प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग मुख्यालय मालवीय चौक में संचालित हैं। उक्त विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक 500 विद्यार्थियों को निःशुल्क अध्ययन के साथ-साथ जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें चयनित संस्था गुरुकृपा कैरियर इंस्टीट्यूट का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रशासन एवं चयनित संस्था द्वारा प्रातः 6 बजे से शाम 5.30 बजे तक अध्यापन एवं कोचिंग के साथ साथ व्यक्तित्व विकास एवं विभिन्न क्रियाकलाप, व्यक्तिगत रुचि लेते हुए पूर्ण किए जाने का ही परिणाम है जो उक्त बहुत अच्छा परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है। परीक्षा परिणाम से विभाग एवं जिला प्रशासन गौरन्वित हुआ है। इसके पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2023-24 में अत्यधिक सफलता मिली है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उक्त क्वालीफाईड हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आईआईटी. जे.ई.ई. एडवांस में सफल होने का शुभकामनाएं दी है। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी हरवंश सिंह मिरी तथा हेमन्त कुमार सिन्हा सहायक आयुक्त के साथ कोचिंग संचालक एवं प्रशासकीय अधिकारी तथा अधीक्षकों ने जिला प्रशासन के सहयोग के लिए कलेक्टर सुश्री चौधरी से मिलकर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी एवं आभार व्यक्त किया है।

# श्रमिक श्रमिक संगठनों की भिलाई में बैठक संपन्न लोस चुनाव के समर्थन हेतु लिया गया निर्णय

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भिलाई में इंडिया मंच की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) लिबरेशन, आम आदमी पार्टी के सदस्य उपस्थित थे।बैठक में नेताओं ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव मोदी सरकार एवं देश की जनता के बीच होने जा रहा है, जिसमें एक तरफ अच्छे दिन के वादे से शुरू करके मोदी की गारंटी तक पहुंचे जुमले हैं। दूसरी तरफ 10 साल में विकराल हो चुकी जनता की समस्या एवं उन समस्याओं से जुड़ी हुई जनता है जिनका नेतृत्व इंडिया गठबंधन कर रहा है।इंडिया मंच की ओर से सीटू महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने कहा सभी ने लोकसभा चुनाव में संविधान बचाने, लोकतंत्र बचाने, देश बचाने के लिए भाजपा को हराओ एवं इंडिया मंच के उम्मीदवार एवं कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को मत देकर विजय बनाने की अपील की है।इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के लिए मौजूदा केंद्र सरकार सबसे पहले नारा दिया कि ÷अबकी बार मोदी सरकार अच्छे दिन आएंगे, हम आएंगे तो 100 दिन में महंगाई कम कर देंगे÷।अच्छे दिन आने की तो बात दूर रही, उल्टा देश आजाद भारत के सबसे बुरे दिनों से गुजर रहा है। महंगाई चरम पर है पेट्रोल 100 के पार और गैस सिलेंडर की कीमत 1200 तक पहुंच गई। हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात थी। किंतु रोजगार देना तो दूर उल्टा रोजगार शुदा लोग भी बेरोजगार होते चले जा रहे हैं।15-15 लाख रुपया खाते में आने की बात जुमला साबित हुआ दूसरा चुनाव आते-आते पुलवामा की घटना हुई जिसके नाम पर वोट मांगना शुरू कर दिया। श्रमिक नेताओं ने कहा-दूसरे चुनाव के बाद मोदी सरकार ने अपने कहे अनुसार मुमकिन है वाले कहावत को चरितार्थ किया एवं देश के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया कि 29 श्रम कानून को खत्म करके मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को पारित करवाना मुमकिन है।अपने कारपोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए किसान विरोधी काले कानून को लाना मुमकिन है, इलेक्टोरल बांड घोटाले के माध्यम से चंदा दो धंधा लो करना मुमकिन है। विरोधियों पर दबाव बढ़ाने के लिए ईडी एवं सीबीआई का दुरुपयोग करना मुमकिन है।विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाना मुमकिन है, दूसरे दलों के भ्रष्टाचारियों को बीजेपी वाशिंग मशीन में धो कर ईमानदार बनाना मुमकिन है, बलात्कारियों को संरक्षण देना मुमकिन है।

# वोट करो और डिस्काउंट लो



### निर्वाचन के दिन दुकानों में मतदान की स्याही दिखाने पर मिलेगी छूट

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय दुर्ग में व्यापारिक संगठनों की बैठक ली गई। बैठक में मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एवं निर्वाचन के दिन मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा वोट करके शॉप में खरीदी करने वालों को छूट की घोषणा की गई है। घोषणानुसार 7 मई को वोट डालने के बाद ऊंगली पर अमिट स्याही का निशान दिखाने पर इंदिरा मार्केट के दुकानों पर डिस्काउंट मिलेगी। जिसमें सराफा व्यापारी संघ द्वारा मतदाताओं को मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट, रेडीमेड कपड़ा एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत की छूट, लोहा सरिया व्यापारियों द्वारा प्रति क्विंटल 50 रुपए की छूट, फर्नीचर व्यापारियों द्वारा 20 प्रतिशत की छूट, होलसेल स्टेशनरी में 20 प्रतिशत की छूट, कॉस्मेटिक एवं ड्राय फरूट्स में 15 प्रतिशत की छूट एवं पूजा सामग्रियों में 15 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की गई है। बैठक में एसडीएम मुकेश रावटे, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, चंदन मनहरे एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने व्यापारियों एवं ग्राहकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। व्यापारी संगठन के पदाधिकारियो ने अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ ली एवं पहले मतदान और उसके बाद जलपान के नारे लगाए।

# दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांवों में लगातार जनसंपर्क अभियान कर रहे विधायक ललित चंद्राकर

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाईनगर।** भाजपा दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर के नेतृत्व में दुर्ग लोकसभा के सांसद व प्रत्याशी विजय बघेल के प्रचार में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में नुक्कड़ सभा के माध्यम से लगातार प्रचार जारी है। जिसमे अभियान में केन्द्र प्रायोजित योजनाओं को विस्तार से लोगों को जानकारी दी जारही है।तथा उससे लाभान्वित होने को कहा। जनसंपर्क अभियान दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम करगाडीह से प्रारंभ होकर बोरिगारका, मातरोडीह, कातरो, चिरपोटी, मतवारी, रिसामा, जजंगिरी, अंडा, कुथरेल इन गांवो में अभियान चलाया गया।जिसमे बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण व क्षेत्रवासी सम्मिलित रहे। सभी कार्यकर्ता विधायक चन्द्राकर के नेतृत्व में उत्साह उमंग के साथ 400 पार के नारे को सार्थक करने में जुटे।इस दौरान विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीबों के लिए समर्पित है। उनके लिए कई लाभकारी योजनाएं लेकर आई है। आज 4 महीने हमारी सरकार को हुए हैं। हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दिए। 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी।विधायक ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है। हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि प्रदान किया जा रहा है।आयुष्मान योजना के तहत 5लाख तक निःशुक ईलाज की सुविधा तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत सभी को अयोध्या में भव्य राम मन्दिर का दर्शन कराया जाएगा। देश को सुरक्षित हाथों में रखने और आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इसबार फिर से विकास का कमल खिलाना है ।मोदी के कंधे को मजबूत करने के लिए दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को प्रचण्ड मतों से विजय बनाना है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ,महामंत्री सोनू राजपूत,पुकेश चन्द्राकर,चंद्रशेखर बंजारे,भाजयुमो अध्यक्ष प्रवीण यदु ,हुबलाल, लक्ष्मीनारायन, चंदु देवांगन, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतला ठाकुर,विमला कामड़े, दानेश्वरी देशमुख,हेमलता साहू ,करन सेन, मन्नू लाल साहू,विजय कुमार, डॉ ताराचंद गजपाल, जीवन लाल साहू,पुनुक राम गजपाल, रमेश साहू,जगदीश साहू,दशरथ साहू,टेक सिंह,नरेश साहू आदि उपस्थित थे।

# इकों फ्रेंडली मतदान केंद्र में मतदाताओं का दिखा नया उमंग

### पर्यावरण-अनुकूल इको फ्रेंडली मतदान केंद्र की साज-सज्जा की ग्रामीणों ने की सराहना

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के वनांचल ग्राम ग्राम कुकरापानी, दमगढ़, रूखमीदादर, बोदा-47, दलदली, बिरहुलडीह, डालामौहा में बनाए गए प्रकृति के अनुकुल इकों फ्रेंडली मतदान केन्द्र की साज सज्जा की ग्रामीणों ने सराहना की है। मतदान करने आए सभी मतदाताओं ने बांस टहनियों, पत्तियों, बिरनमाला, गुलमोहर की फुल सहित बैगा संस्कृति से बनाएं गए इकों फ्रेंडली मतदान केन्द्र की साज-सज्जा और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जिक्र करते हुए भी देखा गया है। इकों फ्रेंडली मतदान केन्द्र में मतदाताओं के लिए शीतल पेयजल की विशेष व्यवस्था कराई गई थी। जिसमें मटके में पानी भरकर रखा गया और मिट्टी से बने कुल्हड से मतदाताओं को पेयजल पिलाया गया। मतदान करने के बाद सभी मतदाताओं के लिए पेड़ पौधों, पत्तों को आकर देकर विशेष सेल्फी जोन बनाया गया था। मतदाताओं ने मतदान करने के बाद सेल्फी जोन में अपनी-अपनी सेल्फी भी ली। इकों फ्रेंडली मतदान केन्द्र की विशेषता यह रही की गर्मी के दिनों में भी पेड़ पौधों, पत्तों की छांव से मतदाताओं ने ठंडकता का अनुभव किया और प्रकृति के महत्व को समझा। ये पर्यावरण-अनुकूल इको फ्रेंडली मतदान केंद्र मतदाताओं को आकर्षित किया और उनकी निर्वाचन में भागीदारी सुनिश्चित किया। मतदान केन्द्र को बांस टहनियों, पत्तियों, बिरनमाला, गुलमोहर की फुल सहित बैगा संस्कृति और परम्पराओं से सजाया गया था। इसमें प्लास्टिक का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया गया था। मतदान केन्द्र को पर्यावरण के अनुकुल सुसज्जित किया गया था। मतदान केन्द्र के अंदर जाने वाले रास्तों के दोनो तरफ पेड़-पौधों सहित स्थानीय वनोपज की पत्तियों को लगाकर सजाया गया था।

### दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओ ने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का किया प्रयोग



**कवर्धा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के मतदान में कबीरधाम जिले के दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं में मतदान को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। शुक्रवार के मतदान के दिन सुबह से ही दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान केन्द्र पहुंचाना शुरू कर दिया था, उन्होंने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिले की सभी मतदान केंद्रों में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं सहूलियतों के लिए उनके मतदान केंद्रों तक पहुचाने के लिए दिव्यांग रथ की व्यवस्था की गई थी। वही एनसीसी, स्काउड कैडेट्स ने दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्रों के बूथ तक पहुचाने के लिए सहयोग किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले के सभी 804 मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओ के लिए रैम्प बनाया गया है। साथ ही इन मतदाताओ को मतदान केंद्र तक लाने और घर तक पहुचाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा की व्यवस्था भी की गई थी। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 6517 और 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 668 तथा 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 88 मतदाता है।

# तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी : रमन सिंह

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारी मतदान हो रहा है। उन्होंने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की है। रमन सिंह ने दावा करते हुए कहा कि एक बड़े संकल्प के साथ तीसरी बार पीएम मोदी को इस देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

### राजनांदगांव महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने किया मतदान




कहा मेरा वोट कांग्रेस को, मेरा वोट प्रत्येक गरीब परिवार के एक महिला को प्रतिवर्ष 1 लख रुपए दिलाने के लिए मेरा वोट भूपेश बघेल को है एवं कहा राजनांदगांव लोकसभा के सभी बहनों एवं मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील है।

### विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया मतदान



**राजनांदगांव/डोंगरगढ़।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीट पर शुक्रवार को मतदान शुरू हो चूका है। दूसरे चरण में केरल की वायनाड लोकसभा सीट भी शामिल है, जहां से कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। विधायक हर्षिता बघेल ने किया मतदान लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए हो रहे मतदान में छत्तीसगढ़ की तीन लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा हैं। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा सीट पर मतदान हो रहा है। तीनों लोकसभा सीटों पर दिग्गज नेताओं समेत मतदाता भी मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस नेत्री और डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्राम करेला के मतदान केंद्र में मतदान किया। मतदान करने के बाद विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने जनता से लोकतंत्र के इस महापर्व पर लोगों से मतदान करने की अपील।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कलेक्टर ने निर्वाचन ड्यूटी में बिना सूचना अनुपस्थित तीन कर्मचारियों को किया निलंबित

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने निर्वाचन ड्यूटी में अनुपस्थित तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में आज आदेश भी जारी कर दिया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला सोनेसिल्ली में पदस्थ सहायक शिक्षक जानू ध्रुव, कार्यालय उपसंचालक उद्यान में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 नितेश तुरकने व कार्यालय आदिम जाति रायपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 राकेश सिंह ध्रुर्वे को लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित होने के चलते निलंबित कर दिया गया है।

### युवक को बेदम पीटा, चाकू-बत्ता और राड से हमला, 4 अरेस्ट



**रायपुर।** रायपुर में एक युवक को अखाड़े में चुनौती देकर बुलाया, फिर उसकी बेदम पिटाई कर दी। लड़कों ने उस पर चाकू, बत्ता और रॉड से हमला किया। जख्मी युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पूरा विवाद शोभायात्रा में जुलूस के दौरान हुआ। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के बैजनाथ पारा का है। पीड़ित नागेश्वर यादव ने शुक्रवार रात एफआईआर दर्ज कराया कि, वह मारुति स्काई तेलीबांधा के पास रहता है। उसकी राम मंदिर के पास चाय नाश्ता की दुकान है। रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान उसका कुछ युवकों के साथ विवाद हो गया। इस हमले में चाकू लकड़ी का बत्ता और रॉड का उपयोग किया गया।

### पहले बाइक चुराते, फिर सस्ते दामों में बेचतेःरायपुर पुलिस ने 5 आरोपियों को पकड़ा, चोरी की 22 गाड़ियां बरामद



**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने बाइक चोरी के बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया है। यह चोर शहर के अलग-अलग इलाकों से बाइक चोरी करते, फिर उसे सस्ते दामों में बेच दिया करते थे। चोरों ने बीते चार-पांच महीने में करीब 35 से अधिक गाड़ियों की चोरी की। जिसमें से पुलिस ने 22 गाड़ियों को बरामद कर लिया है। इस मामले में 5 चोरों को भी गिरफ्तार किया गया है। रायपुर पश्चिम एएसपी दौलत राम पोर्ते ने बताया कि, लगातार मिल रही चोरी की शिकायत के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज और पुराने चोरों की लगातार निगरानी कर रही थी। इस दौरान गोकुल नगर शराब दुकान के पास से एक पुराने चोर गोवर्धन दास उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया गया। जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपने चार अन्य साथियों के बारे में जानकारी दी। इस मामले में पुलिस ने रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र के रहने वाले गोवर्धन दास उर्फ विक्की, तारेंद्र साहू, तेजराम साहू, मोनू बंजारे, रोशन साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### पूर्व एमएलए के बंगले में मिसफायर, हेड कॉन्स्टेबल की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा से पूर्व कांग्रेस विधायक देवती कर्मा के रायपुर के सिविल लाइंस स्थित सरकारी बंगले में गोली चली है। गोली सुरक्षाकर्मी के पिस्टल से फायर हुई, जिससे बंगले पर सुरक्षा के लिए तैनात हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक इस घटना में एक अन्य पुलिसकर्मी भी बुरी तरह से घायल हो गया है। गोली उसके हाथ के आर-पार हो गई, जिसे लहूलुहान हालत में मेकाहारा में भर्ती कराया गया है। दोनों सुरक्षाकर्मी मध्यप्रदेश के भिंड जिले के हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे सिविल लाइंस स्थित देवती कर्मा के बंगले में उनके बेटे आशीष कर्मा की वीआईपी सुरक्षा में लगे एपीसी राम कुमार दोहरे और हेड कॉन्स्टेबल अजय सिंह बैरक में थे। वे रोज की तरह अपनी पिस्टल की साफ-सफाई कर रहे थे। इसी दौरान गोली चल गई।

# फर्स्ट टाइम वोटर्स ने बृजमोहन को दिया समर्थन



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** तिल्दा नेवरा शहर-ग्रामीण क्षेत्र के 100 से ज्यादा फर्स्ट टाइम वोटर्स ने पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल के नेतृत्व में रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही है।

इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दिनों दिन तरक्की की नई इबारत लिख रहा है। जिससे नवयुवा सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। मोदी के कौशल विकास का सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को हुआ है। आज देश में एक लाख से ज्यादा स्टार्टअप हैं। मोदी जी की नेतृत्व में देश की मजबूत अर्थव्यवस्था से दुनियाभर की बड़ी बड़ी कंपनियों ने भारत में अपना कारोबार बढ़ाया है। जिससे रोजगार के लाखों नए अवसर उपलब्ध हुए है। खेल प्रोत्साहन के जरिए भी नई प्रतिभा उभर रही है। जिसके कारण देश के युवा नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर भाजपा के साथ आगे आ रहे हैं। बृजमोहन अग्रवाल को समर्थन देने पहुंचे नव मतदाताओं का कहना है की, वो अपना पहला वोट नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने और बृजमोहन अग्रवाल को सांसद बनाने के लिए देना चाहते हैं। यह हम सब का सौभाग्य है कि हमारा पहला वोट देश हित में भाजपा को जाएगा, और हम बृजमोहन अग्रवाल को पूरे देश में सर्वाधिक मतों से जिताने के लिए क्षेत्र में डोर टू डोर कैंपेन भी करेंगे।

### बृजमोहन को मिला अहीर यादव समाज का समर्थन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उमराव यादव ने इस लोकसभा चुनाव में रायपुर से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का समर्थन किया है। उमराव यादव ने कहा कि विगत 30 वर्षों से बृजमोहन अग्रवाल का साथ और सहयोग हमारे यादव समाज को निरंतर मिल रहा है। हमारी हर छोटी बड़ी तकलीफों में हम उनके पास जाते हैं और वह एक पारिवारिक सदस्य की तरह यादव समाज कि लोगों का साथ देते हैं। उमराव ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री और विधायक रहते हुए छत्तीसगढ़ में हमारे यादव समाज के बहुत सारे सामुदायिक भवन बनवाए हैं। समाज ने जब भी उनके समक्ष कोई मांग रखी उन्होंने त्वरित निर्णय लेते हुए मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ के जननायक है जाति, धर्म ,समाज से परे सबके भले के लिए पूरी शिद्दत के साथ में काम करते हैं।यही वजह है कि वे रायपुर से आठ बार के विधायक है। ऐसे में जनता का आशीर्वाद निश्चित रूप से बृजमोहन जी को मिलेगा। हम सब मिलकर उन्हें बड़ी जीत दिलाने पूरी ताकत से लड़ेंगे।

# पहाड़ी तालाब गहरीकरण कार्य अंतिम चरण में



### सौंदर्यीकरण का कार्य भी महीने भर में पूर्ण कर लिया जाएगा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** कुशालपुर स्थित पहाड़ी तालाब का गहरीकरण का कार्य अब लगभग खात्मे की ओर है। साथ ही यहां बाउंड्रीवाल निर्माण, पाथवे और सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार अमृत मिशन अभियान के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने यहां चल रहे कार्य का आज निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने बताया कि इस तालाब का गहरीकरण कर यहां का मलबा निकाला जा रहा है। ये कार्य अब अंतिम चरण में है। साथ ही यहां बाउंड्रीवाल, रिटेंनिंग वाल, फुटपाथ निर्माण के साथ ही सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। इन सभी कार्यों को महीने भर में पूर्ण कर लिया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता के लिए श्री नारायणा हॉस्पिटल की प्रशंसनीय पहल

### मतदान के दिन निःशुल्क ओपीडी कंसल्टेशन, जांच में 25 प्रतिशत की छूट

समवेत शिखर न्यूज




**रायपुर।** रायपुर लोकसभा में आगामी 07 मई को मतदान किया जाएगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने जिले के श्री नारायणा हॉस्पिटल द्वारा प्रशंसनीय पहल की गई है। मतदान तिथि 07 मई से लेकर 12 मई तक हॉस्पिटल द्वारा विभिन्न सेवाओं पर विशेष छूट दी जा रही है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने हॉस्पिटल के इस पहल की सराहना की है और इसे अन्य संस्थानों के लिए भी अनुकरणीय बताया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मिलकर हॉस्पिटल के प्रतिनिधि श्री अतुल सिंघानियां ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए हॉस्पिटल द्वारा कुछ विशेष पहल की गई है। जिसमें 07 मई को मतदान के पश्चात जो भी व्यक्ति अस्पताल की ओपीडी में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आयेगा और अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखायेगा उसे उस दिन निःशुल्क ओपीडी कंसल्टेशन दिया जाएगा। साथ ही अस्पताल में की जाने वाली ओपीडी जाँचों में अस्पताल दर पर 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इसी तरह 08 मई 2024 से 12 मई 2024 तक ओपीडी में आये व्यक्ति को अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर ओपीडी कंसल्टेशन में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही 07 मई को मतदान करने के बाद यदि कोई व्यक्ति अस्पताल में भर्ती होता है तो उसे अपनी ऊँगली पर मतदान की स्याही दिखाने पर उस दिन का रूम रेंट नहीं लिया जाएगा। श्री सिंघानियां ने बताया कि हॉस्पिटल द्वारा यह पहल लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने में सहायक होगी। प्रबंधन द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिंह को इस आशय का पत्र भी सौंपा गया है।

# राजधानी के मालवीय रोड में अंडर ग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट पूर्ण

### बिजली व केबल तारों से मिला छुटकारा, पुराने खंभे भी हटाए गए

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** शहर के व्यस्ततम व पुराने व्यावसायिक प्रक्षेत्र के रूप में पहचान रखने वाले मालवीय रोड को सुव्यस्थित करने का कार्य रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पूर्ण कर लिया है। नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इस मुख्य मार्ग में बेतरतीब बिजली के तारों को भूमिगत केबल बिछाकर व्यवस्थित किया गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत मालवीय रोड के 650 मीटर लंबे मार्ग से 11 केबी एचटी के साथ एलटी लाइन की अंडर ग्राउंड केबलिंग की गई है तथा सीएसपीडीसीएल द्वारा पूर्व में स्थापित खंभे को हटाने का कार्य भी किया गया है। लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण किए गए इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने से सड़कों के उपर फैले बिजली के तार हटा दिए गए है, वहीं केबल कनेक्शन के तार बिजली के खंभों पर लगे होने से तारों का जो जाल दिखाई देता था, उसे भी दूर किया गया है।

# मां काली की 55 साल पुरानी प्रतिमा बदली गई

### रायपुर में मंत्रोच्चार के बीच नए विग्रह की स्थापना;4000 साल पुराने पत्थर से बनी है मूर्ति

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर में ?देवी की नई प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हो गई है। प्रतिमा के क्षरण होने की वजह से नई प्रतिमा बनवाई गई है। मूर्तिकार के अनुसार प्रतिमा जिस ब्लैक स्टोन से बनी है वह एक हजार साल से भी ज्यादा पुराना है।

मंदिर के पुजारी ने करीब दो साल पहले पूजा करते समय देखा कि प्रतिमा का अभिषेक करने पर कुछ कण निकल रहे हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों को इस बारे में बताया। तब वाराणसी, प्रयागराज, जगन्नाथ पुरी, हरिद्वार समेत कई तीर्थों के आचार्यों और विद्वानों से चर्चा की गई। तब प्रतिमा प्रतिस्थापित करने का सुझाव मिला। जिस पत्थर को तराशकर नई प्रतिमा बनाई गई है वह 4000 साल से भी ज्यादा पुराना है। मंदिर के सचिव ने बताया कि केंदुझार ओडिशा की गहरी खदान से ये ब्लैक स्टोन निकाला गया है। ओडिशा के मूर्तिकार ज्योति रंजन परिडा और उनकी टीम ने पूरा विग्रह 30 क्विंटल के एक ही पत्थर को तराश कर बनाया है। अब प्रतिमा का भार 5 क्विंटल के आसपास बताया जा रहा है। मूर्तिकार को इस प्रतिमा को बनाने में 10 महीने का समय लगा।

# देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ वातावरण है: अलका लांबा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक अलका लांबा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ के एक सीट पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को हुआ। 26 अप्रैल को देशभर में दूसरे चरण का चुनाव हो रहा है। छत्तीसगढ़ की तीन सीटो पर मतदान हो रहा है। आप का एक वोट देश को संविधान बचाने के लिये है।

एक कीमती वोट देश के लोकतंत्र को बचाने के लिये है। जो हक अधिकारो को संविधान में दिये गये है और लोकतंत्र की आवाजो को जिसको देश में बैठकर एक तानाशाह सरकार कुचल रही है उसे हमे बचाना है। छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभाओं में मतदान चल रहे है। 22 राज्यों से होकर गुजरी हूं। दक्षिण भारत के केरल में आज 20 के 20 सीटों में वोट हो रहा है।

अलका लांबा ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की कहीं कोई लहर नहीं है। आपका एक वोट देश और संविधान को बचायेगा। भाजपा का 400 सीटों का दावा खोखला साबित हो रहा है। 10 साल कुशासन के, 10 साल अन्याय काल के, 10 साल तानाशाही के गुजरें। ये चुनाव देश का चुनाव है यह मुद्दे राष्ट्रीय मुद्दे है।प्रधानमंत्री डरे हुये हैं, अपनी हार को देखकर बौखला गये है। प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे कांग्रेस के न्याय पत्र में मुस्लिम लीग मुसलमानों को सम्पतिया देना हिन्दु मुस्लिम करना कुछ भी आरोप बौखलाहट मे लगाये चला जा रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री से लिखित में मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री बताये कांग्रेस के घोषणा पत्र, कांग्रेस के न्याय पत्र के कौन से पन्ने पर जो प्रधानमंत्री जो झूठ बोल रहे है वो लिखा हुआ है। सच्चाई यह है कि भाजपा की हार अब कोई रोक नहीं सकता। उत्तर भारत में भाजपा को भारी सीटो का नुकसान हो रहा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान जैसे सभी राज्यों में भारी सीटों का नुकसान हो रहा है। सच्चाई यह है कि पांडुचेरी जैसे तमिलनाडु के 40 सीटों का चुनाव हो चुका है। दक्षिण भारत के केरल के 20 सीटों पर चुनाव हो रहा है। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक में कांग्रेस में हाल ही में कांग्रेस की सरकार बनी है। भाजपा का कोई वहां पर आने की गुंजाईश नहीं हैं। नुकसान उत्तर भारत का है वो दक्षिण भारत में भरपाई होते हुये कहीं नहीं दिख रहा है। इंडिया एलाईंश मजबूती के साथ मुद्दो को लेकर आगे बढ़ रहा है। भाजपा को 180 से 200 सीटो के नीचे रोकने में कामयाब हो जायेंगे और कांग्रेस इंडिया एलाईंश की खुद कांग्रेस ने 317 उम्मीदवार लगभग घोषित कर दिये है।

# मतदान के लिए रेसिडेंट एसोसिएशन और व्यापारियों की बैठक ली गई




### सभी ने कहा अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम द्वारा लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। आज इसी के तहत शहर के रेसिडेंट एसोशियन के सदस्यों और व्यापारियों की एक बैठक ली गई। जिसमें खुद भी मतदान करने और दूसरों को भी मतदान हेतु जागरूक करने की रूपरेखा बनाई गई। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्यालय भवन में आज दोपहर को बैठक ली गई। जिसमें उपायुक्त कृष्णा खटीक , नगर निवेशक निशिकांत वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन अभियान के कार्यपालन अभियंता द्वय रघुमणि प्रधान , योगेश कडू, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही तथा अन्य अधिकारी भी शामिल थे। चेंबर आफ कामर्स के अमर परवानी समेत व्यवसाई गण तथा शहर के रेसिडेंट एसोशियन के मेंबर भी आए हुए थे। बैठक में अधिक मतदान कराने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने पर जोर दिया गया। लोगों को 7 मई को लोकसभा चुनाव के दिन मतदान कराने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

### मैदानी अधिकारियों फील्ड में रहने की चेतावनी

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मैदानी अधिकारियों से फील्ड में अधिक रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लापरवाही करने पर सीआर में लिख देने की चेतावनी भी दी है। फील्ड में काम होने की निगरानी के लिए निगम द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। कौन अधिकारी कहाँ पर है और क्या काम करा रहा है उसकी तस्वीर खींचकर अपलोड करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे करने से कार्य में तेजी आएगी और कार्य समय पर पूर्ण भी सकेंगे। आईटी के माध्यम से 18 से 24 अप्रैल तक फील्ड में रहने की समीक्षा की गई कि किस अधिकारी कितने प्रतिशत समय फील्ड में दिया। इसमें कुछ अधिकारियों के कमजोर रिपोर्ट को देखकर कमिश्नर श्री मिश्रा नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि फील्ड रिपोर्टिंग की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इसके लिए निगम की आईटी की एक टीम भी बनाई गई है । उन्होंने चेतावनी दी कि जिनका रिपोर्ट कमजोर रहेगा उनके सीआर में इस बारे में लिख दिया जाएगा।

# सदर बाजार एवं मालवीय रोड में चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किये जाने के प्रस्ताव का विरोध

### पहले के बनाये नियमों का पालन नहीं, अब और नया प्रयोग किस लिए : मालू

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** सदर बाजार एवं मालवीय रोड को चार पहिया वाहन हेतु प्रतिबंधित किये जाने के रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के प्रस्ताव का विरोध शुरु हो गया है। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है,पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाये थे लेकिन अपनी ही बनायी व्यवस्था को बनाये रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है,किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था, यह भी नहीं हो पाया। वास्तविकता ये हैं कि आसपास के मार्गो का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा है कि मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है इस प्रकार के प्रयोग से आम जनता ,व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी,ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है जहां वाहन पार्क किये जाते हैं। यह भी बता दें कि पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो की व्यावसायिक क्षेत्र है इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा किंतु कुछ समय से इसकी अनदेखी की जारी है एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। राजधानी रायपुर जैसे बड़े शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को अपने निजी वाहनों में मुख्य बाजार आना ही पड़ता है अतः हमारा आपसे विनम्र अनुरोध है कि शहर के हृदय स्थल की व्यावसायिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के निर्णय को लागू किया जाना पूर्णतः अनुचित है।

**शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।**
**डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।**

## संपादकीय



### ग्रीन कार्ड का लंबा इंतजार

अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के मामले में वहां रहने वाला भारतीय समुदाय अब दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2022 में 65,960 भारतीयों को आधिकारिक तौर पर अमेरिकी नागरिकता प्रदान की गई। इसके बाद अमेरिका में नए नागरिकों के स्रोत के रूप में भारत मेक्सिको के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया। मगर ये आंकड़े न तो अमेरिका में नागरिकता या ग्रीन कार्ड हासिल करने का इंतजार कर रहे भारतीयों की स्थिति बयां करते हैं और न ही उनकी समस्याओं को समझने में कोई मदद करते हैं।

साल 2023 के आंकड़े देखें तो वहां भारतीय मूल के 2,90,000 ऐसे लोग रह रहे हैं जिनके पास बाकायदा ग्रीन कार्ड या स्क्क्र(लीगल परमानेंट रेसिडेंसी) है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो वे ऐसे लोग हैं जो अमेरिकी नागरिकता हासिल करने की संभावित पात्रता रखते हैं, लेकिन उनकी बारी नहीं आ रही। इसके अलावा डिपेंडेंट्स को मिला लिया जाए तो करीब 12 लाख भारतीय ऐसे हैं जो अमेरिका में ग्रीन कार्ड के इंतजार में बैठे हैं। इनका एक अच्छा खासा हिस्सा हाईली स्किल्ड की श्रेणी में आता है।

हालांकि हाल के वर्षों में नागरिकता आवेदनों के बकाया मामलों को निपटाने में तेजी आई है। 2020 के आखिर में लंबित आवेदनों की संख्या 943,000 हो गई थी जो 2021 में 840,000, 2022 में 550,000 और 2023 में करीब 408,000 तक आ गई थी। मगर लंबित आवेदनों को निपटाने की प्रक्रिया में आई तेजी से ग्रीन कार्ड के लिए लगी भारतीयों की कतार कम करने में खास मदद नहीं मिलने वाली। छ्रक्र की 2020 की एक रिपोर्ट के आकलन के मुताबिक साल 2030 तक एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड की टॉप तीन कैटिगरीज में भारतीयों के लंबित आवेदन की संख्या 21 लाख को पार कर जाएगी जिसे निपटाने में मौजूदा कानूनी प्रक्रियाओं के मुताबिक दो सौ साल लगेंगे।असल में एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड के लिए लंबे इंतजार के पीछे मुख्यतया मौजूदा अमेरिकी कानूनों के दो प्रावधानों की भूमिका है। एक तो एम्प्लॉयमेंट बेस्ड ग्रीन कार्ड की सालाना लिमिट 140,000 निर्धारित करना और दूसरा, प्रति देश 7 फीसदी की सीमा तय कर देना। खास कर प्रति देश 7 फीसदी की यह सीमा बड़ी आबादी वाले भारत जैसे देशों के हाईली स्किल्ड प्रफेशनल्स की राह की बड़ी बाधा बनी हुई है। इसमें दो राय नहीं कि यह एक जटिल मसला है जिसके कई पहलू हैं। लेकिन गौर करने की बात यह है कि नागरिकता और खासकर ग्रीन कार्ड के लिए दसियों साल का इंतजार न केवल संबंधित व्यक्तियों और उन पर निर्भर लोगों की जिंदगी में अनिश्चितता बनाए रखता है बल्कि दुनिया भर से टैलंट को आकृष्ट करने की अमेरिका की क्षमता को भी प्रभावित करता है।

# सियासत के संग्राम में नारों का जोर-शोर

**ललित गर्ग, वरिष्ठ स्तंभकार**



चुनाव के बनते-बिगड़ते समीकरणों के बीच चुनावी नारे खूब रंग जमाते रहे हैं। शुरुआती चुनाव से मौजूदा दौर तक चुनावी नारे सियासी दलों की विचारधारा की तस्वीर को जनता के बीच साफ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इन्हीं नारों की पतवार के सहारे कई पार्टियों की नैया भी पार लगी है तो कई बार कुछ नारे जमीदोज भी हो गये। अब तो चुनावी नारों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने तक, लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों के कई हास्य तत्वों सहित रंगीन मीम्स की सोशल मीडिया पर बाढ़ भी देखने को मिलती है, इंस्टाग्राम से लेकर एक्स तक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनावों से पहले राजनीतिक बढ़त के लिए कड़वे पोस्टर युद्ध और यहां तक कि कड़वे मीम की लड़ाई भी देखी जा सकती है। मतदाताओं, विशेषकर युवा और पहली बार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मीम्स का इस्तेमाल किया है, जो कई बार विचित्र होते हैं।

लोकसभा चुनाव में सबसे पहला लोकप्रिय नारा सन 1971 के आम चुनाव में गरीबी हटाओ रहा। इस नारे की गूंज गली-गली तक रही और इंदिरा गांधी को लोगों ने हाथों हाथ लिया था। असल में 1967 में जब इंदिरा गांधी चुनाव मैदान में उतरीं तो उस दौरान कांग्रेस का नारा सरकार बनाना खेल नहीं, इस दीपक में तेल नहीं सियासी फिजाओं में खूब गूंजा था, लेकिन 1971 में गरीबी हटाओ नारे के साथ इंदिरा गांधी ने लोगों से भावनात्मक रिश्ता कायम करने में सफलता हासिल की। आम लोगों के दिल को छूने वाला यही नारा एक बड़ा मुद्दा बन गया। चुनाव प्रचार के दौरान इंदिरा गांधी लोगों से कहती थीं कि वह कहते हैं कि इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओ। इसी पर इंदिरा के समर्थन में एक और नारा लोकप्रिय हुआ...जात पर न पात पर, इंदिरा जी की बात पर, मुहर लगेगी हाथ पर।

1977 में जननायक जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस के ख़िलाफ़ चुनाव में इंदिरा हटाओ, देश बचाओ का नारा दिया था। उस साल जनता पार्टी ने कांग्रेस को हराकर जीत हासिल की और इसमें इस नारे का बहुत बड़ा हाथ था। 1996 और 1998 के चुनावी मैदान में राजतिलक की करो तैयारी आ रहे अटल बिहारी को खूब लोकप्रियता मिली, लेकिन इसके बाद हुए आम चुनाव में बीजेपी का इंडिया शाइनिंग नारा पूरी तरह से धाराशायी हो गया था। इसी चुनाव में समाजवादी पार्टी का मुलायम तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं भी खूब गूंजा था। 2014 से 2019 लोकसभा चुनाव में हर-हर मोदी और मोदी है तो मुमकिन है का नारा भी चुनावी रणक्षेत्र में खूब गूंजा। भाजपा की हर रैली में इस नारे का शोर रहा। इसका असर यह रहा कि 2014 में भाजपा का वोट प्रतिशत तेजी से बढ़ा।

आज की तारीख में लोकसभा चुनाव के लिए नारों का शोर गली-मोहल्लों में भले ही न सुनाई दे रहा हो, लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंच बना रहे हैं। इनका असर पहले से अधिक प्रभावी है। आजादी के बाद हुए आम चुनाव से अभी तक नारों के तेवर ने बनते बिगड़ते समीकरणों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। कब जनता के बीच कौन सा नारा सिर चढ़ कर बोला इसकी बात की जाये तो वर्ष 1952 में खरा रुपैया चांदी का, राज महात्मा गांधी का और देश की जनता भूखी है,यह आजादी झूठी है खूब हवा में उछला था। इसी तरह वर्ष 1957 में जली झोपड़ी भागे बैल,यह देखा दीपक का खेल, जिस दीपक में तेल नहीं, सरकार बनाना खेल नहीं। वर्ष 1962 में, जाटव-मुस्लिम भाई-भाई, बाकी कौम कहां से आई। सिंहासन खाली करो जनता आती है। वर्ष 1967 में जय जवान जय किसान। वर्ष 1977 में बेटा कार बनाएगा, मां सरकार बनाएगी।यह नारा संजय गांधी और इंदिरा गांधी पर कटाक्ष करते हुए गढ़ा गया था। इसी के साथ जमीन गर्क चकबंदी में, मकान ढह गया हटबंदी में। दरवाजे पर खड़ी औरतें चिल्लाएं, मेरा मर्द गया नसबंदी में भी काफी प्रभावी रहा था।

वर्ष 1980 में इंदिरा जी की बात पर मुहर लगेगी हाथ पर, का नारा लगा। वर्ष 1984 में जब तक सूरज चांद रहेगा, इंदिरा तेरा नाम रहेगा। उठे करोड़ों हाथ हैं, राजीव जी के साथ हैं। वर्ष 1996 में 'सबको देखा बारी-बारी, अबकी बारी अटल बिहारी।' महंगाई जो रोक न पाई वो सरकार निकम्मी है जो सरकार निकम्मी है वो सरकार बदलनी है। वर्ष 2004 में शाइनिंग इंडिया, कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ नारे की धूम रही थी। वर्ष 2014 में 'अबकी बार मोदी सरकार, अच्छे दिन आने वाले हैं और हर हर मोदी, घर घर मोदी। वर्ष 2019 में 'सबका साथ सबका विकास', 'मोदी है तो मुमकिन है। मोदी हटाओ, देश बचाओ, अब होगा न्याय। इस बार वर्ष 2024 में मोदी की गांरटी, अबकी पार 400 पार। कांग्रेस का हाथ बदलेगा हालात सपा का 'घर घर बेरोजगार मांगे रोजगार÷ नारा चर्चा है। अब तो चुनावी नारों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने तक, लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों के कई हास्य तत्वों सहित रंगीन मीम्स की सोशल मीडिया पर बाढ़ भी देखने को मिलती है, इंस्टाग्राम से लेकर एक्स तक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनावों से पहले राजनीतिक बढ़त के लिए कड़वे पोस्टर युद्ध और यहां तक कि कड़वे मीम की लड़ाई भी देखी जा सकती है। मतदाताओं, विशेषकर युवा और पहली बार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मीम्स का इस्तेमाल किया है, जो कई बार विचित्र होते हैं। राजनीतिक पार्टियां प्रचार के साथ ही एक दूसरे पर हमला बोलने जबकि चुनाव आयोग वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए इनका प्रयोग कर रहा है। मीम के साथ ही स्लोगन पोस्टर फिल्मी डायलाग का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट किया है कि हम मतदान को लेकर उत्साहित हैं क्या आप भी तैयार हैं। वहीं, राजनीतिक पार्टियों ने एक दूसरे पर हमले और प्रचार के लिए इसका प्रयोग किया है। भाजपा के सोशल मीडिया फीड पर मुख्य रूप से तस्वीरें और नारे हावी रहे हैं। जैसे मोदी की गारंटी और विकास भी, विरासत भी। वहीं, कांग्रेस ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें भाजपा पर व्यंग्यात्मक टैगलाइन, बेरोजगारी बहुत है, बाकी सब ठीक है,के साथ कटाक्ष किया गया। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राजनीतिक दलों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए उन्हें मीम मटीरियल ऑफ दि ईयर बताया। जिसके कैप्शन में लिखा, ÷ये अवॉर्ड तो बनता है।

## प्रेरक प्रसंग

### स्वामी जी का उपदेश

एक बार समर्थ स्वामी रामदासजी भिक्षा माँगते हुए एक घर के सामने खड़े हुए और उन्होंने आवाज लगायीङ्क ÷जय जय रघुवीर समर्थ ! घर से महिला बाहर आयी। उसने उनकी झोलीमे भिक्षा डाली और कहा, महात्माजी, कोई उपदेश दीजिए !स्वामीजी बोले, आज नहीं, कल दूँगा। दूसरे दिन स्वामीजी ने पुन˜ उस घर के सामने आवाज दी जय जय रघुवीर समर्थ !÷उस घर की स्त्रीने उस दिन खीर बनायीं थी, जिसमे बादाम-पिस्ते भी डाले थे।वह खीर का कटोरा लेकर बाहर आयी। स्वामीजीने अपना कमंडल आगे कर दिया। वह स्त्री जब खीर डालने लगी, तो उसने देखा कि कमंडल में गोबर और कूड़ा भरा पड़ा है। उसके हाथ ठिठक गए। वह बोली, ÷महाराज ! यह कमंडल तो गन्दा है। स्वामीजी बोले, हाँ, गन्दा तो है, किन्तु खीर इसमें डाल दो। स्त्री बोली, नहीं महाराज, तब तो खीर ख़राब हो जायेगी। दीजिये यह कमंडल, में इसे शुद्ध कर लाती हूँ। स्वामीजी बोले, मतलब जब यह कमंडल साफ़ हो जायेगा, तभी खीर डालोगी न ? स्त्री ने कहा- जी महाराज ! स्वामीजी बोले, मेरा भी यही उपदेश है। मन में जब तक चिन्ताओ का कूड़ा-कचरा और बुरे संस्करो का गोबर भरा है, तब तक उपदेशामृत का कोई लाभ न होगा। यदि उपदेशामृत पान करना है, तो प्रथम अपने मन को शुद्ध करना चाहिए, कुसंस्कारो का त्याग करना चाहिए, तभी सच्चे सुख और आनन्द की प्राप्ति होगी।

## धर्म-कर्म

### 8 मई को है वैशाख अमावस्या? यहां जानिए स्नान-दान का शुभ समय

वैशाख माह की शुरुआत हो चुकी है। इस माह में आने वाली अमावस्या बहुत महत्वपूर्ण मानी गई है। इस दिन पितरों की पूजा होती है। अमावस्या हर महीने आती है। इस दिन विवाह, सगाई, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। हालांकि इस तिथि में पवित्र गंगा नदी में पवित्र स्नान, पितृ तर्पण, पितृ पूजा, पिंड दान, हवन और ब्राह्मणों को भोजन कराने जैसे धार्मिक कार्य शुभ माने गए हैं।

ज्योतिष के अनुसार, यह समय बहुत शक्तिशाली होता है, क्योंकि यह चंद्रमा को समर्पित है और इस दिन चंद्रमा अपने अस्त काल में होता है। और यह तिथि उन लोगों के लिए अशुभ मानी जाती है, जिनकी जन्म कुंडली में चंद्रमा की स्थिति खराब होती है, जब यह दिन इतना करीब है, तो आइए इससे जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातों को जानते हैं - हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 07 मई, 2024 दिन मंगलवार को सुबह 11 बजकर 40 पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन 08 मई बुधवार सुबह 08 बजकर 51 मिनट पर होगा। उदयातिथि को देखते हुए वैशाख अमावस्या 8 मई बुधवार को होगी और दर्श अमावस्या 7 मई को है।

वैशाख अमावस्या, 2024 स्नान-दान का समय वैशाख अमावस्या पर स्नान और दान का बड़ा महत्व है। इस दिन दान करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। साथ ही पापों का नाश होता है। ऐसा कहा जाता है कि ब्रह्म मुहूर्त का स्नान सबसे उत्तम होता है।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## आंचलिक

# संवेदनशील क्षेत्रों में भी सुबह से ही लोग पहुंचे मतदान केंद्र, लोगों में दिखा उत्साह

### केशकाल में शांतिपूर्ण रूप से मतदान हुआ सम्पन्न

**समवेत शिखर संवाददाता**



**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर संसदीय क्षेत्र के तहत कोण्डागांव जिला अंतर्गत आने वाले केशकाल विधानसभा में 26 अप्रैल को द्वितीय चरण का मतदान सम्पन्न कराया गया। इस मतदान के लिए लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला जहां शहरी क्षेत्रों से लेकर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुबह से ही कतारें लग गयी थी। जहां दिव्यांगजन हो या वरिष्ठ नागरिक सभी उत्साह से भरे हुए दिखाई दिए। जिसका परिणाम है कि 03 बजे तक पर्याप्त अनन्तिम मतदान आंकड़ों के अनुसार अनंतिम मतदान प्रतिशत 71.08 प्रतिशत (यह अंतिम आंकड़े नहीं हैं) रहा।

मतदाताओं के बीच केशकाल के संगवारी, आदर्श, युवा प्रबंधित एवं दिव्यांग दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र आकर्षण का केंद्र बने रहे। जहां विश्रामपुरी अ-2 मतदान केंद्र में जनजातीय परम्परा की लोकसंस्कृति की झलक दिखी तो वहीं गुलबापारा में जनजातीय लोकवाद्य यंत्रों जैसे मांदर, डाफला, तासा, तुमा, नगाड़े आदि से मतदान केंद्रों को सजाया गया था। बड़ेराजपुर विकासखण्ड के सरगीपाल का आकर्षक मतदान केंद्र का फूल एवं ताड़ के पत्तों से सजा सेल्फी जोन लोगों को बरबस ही अपनी ओर सेल्फी लेने को प्रेरित कर रहा था। इसके अतिरिक्त सभी 05 आदर्श, 10 संगवारी, 05 युवा प्रबंधित तथा 01 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्रों को प्रकृति का रंग देते हुए ताड़, घास, छिन्द एवं अन्य प्राकृतिक वस्तुओं से सुंदरतम रूप से सजाया गया था।

विकासखण्ड बडेराजपुर के रोगाडीह ग्राम में सोनी परिवार के यहां मतदान दिवस पर ही सुबह सुबह बारात का प्रस्थान बस्तर में विवाह हेतु होना था। जहां बारात के निकलने से पूर्व दूल्हे भोजराज सोनी ने बारात को रोक कर पहले मतदान करने के लिए परिजनों को कहा। जिस पर परिजनों ने भी सहमति व्यक्त करते हुए सभी ने मतदान केंद्र गए जहां मतदान कर्मियों द्वारा परिजनों को सहयोग किया गया जिसपर मतदान करने के बाद भोजराज ने अपनी बारात निकाली और कहा कि पहले मतदान का कर्तव्य निभाना आवश्यक है बाकी सभी कार्य बाद में करना चाहिए। परिजनों ने भी गर्व से बताया कि उन्होंने भी आज मतदान किया है। मतदान दिवस पर स्काउट गाइड एवं युवोदय कोंडानार चैंप्स युवा स्वयंसेवकों ने सराहनीय जज्बा देखने को मिला जहां हर मतदान केंद्र में उपस्थित रहकर स्वयंसेवकों ने मतदान केंद्र आने वाले मतदाताओं की सहायता करने के साथ वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगों को व्हीलचेयर के द्वारा मतदान केंद्रों तक पहुंचाया।

# लोकसभा निर्वाचन के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का कमिश्नर और आईजी ने किया निरीक्षण




**समवेत शिखर संवाददाता**

**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का कमिश्नर श्री श्याम धावड़े और आईजी श्री सुंदरराज पी. ने निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के केशकाल विधानसभा के युवा मतदान केंद्र जैतपुरी, आदर्श संगवारी मतदान केंद्र गुलबापारा, चिखलाडीही मतदान केंद्र और खालेमुरवेंड मतदान केंद्र का निरीक्षण किए। उन्होंने युवा और आदर्श मतदान केंद्रों को बस्तर की संस्कृति के थीम पर सजावट करने के लिए सराहना की। साथ ही मतदान केंद्रों में मतदान दलों से मतदान प्रतिशत का संज्ञान लेकर मतदाताओं की आवश्यक सुविधा एवं अन्य व्यवस्था का भी निरीक्षण किए। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, कमिश्नर के निज सहायक श्री हरेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा कर अद्यतन प्रगति लाने दिए निर्देश

### ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत स्वीकृत आवासों को 30 मई तक पूर्ण करने के निर्देश

**समवेत शिखर संवाददाता**




**जगदलपुर।** जिले में ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत स्वीकृत आवास निर्माण कार्यों को तेजी के साथ संचालित कर 30 मई 2024 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। इस दिशा में सम्बंधित हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए प्रोत्साहित कर वर्किंग सीजन में निर्माण कार्य को निरंतर जारी रखने सहित नियत समयावधि में पूर्ण किये जाने हेतु समझाइश दी जाए। वहीं मनरेगा के तहत संचालित रोजगारमूलक कार्यों में अधिकाधिक जरूरतमन्द जॉब कार्डधारक परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाने के साथ ही वनाधिकार पट्टेधारियों को 100 दिवस का रोजगार सुलभ करवाने सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उक्त निर्देश सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण विकास योजनाओं तथा कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने जिले के ग्रामीण इलाकों के विकास हेतु पूर्व से संचालित निर्माण कार्यों को द्रुत गति से संचालित करने और नियमित मॉनिटरिंग करने सहित निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने कहा। उन्होंने मनरेगा के तहत रोजगार की उपलब्धता के मद्देनजर रोजगारपरक कार्यों की मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप नये कार्य शुरू किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारियों सहित विकासखण्डों के कार्यक्रम अधिकारी और तकनीकी सहायक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

**प्रथम पेज का शेष**

### मुस्लिम लीग का एजेंडा लेकर ...

बेमेतरा जिला दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में आता है। यहां 7 मई को तीसरे चरण में वोटिंग होनी है। यहां बीजेपी ने मौजूदा सांसद विजय बघेल को भी प्रत्याशी बनाया है इनका मुकाबला कांग्रेस के राजेंद्र साहू से होना है।

विकसित भारत में सबसे बड़ी प्राथमिकता मेरे छत्तीसगढ़ की है। पिछली बार एक सीट चूक गए थे। एक-दो सीट के लिए कंजूसी मत कीजिएगा। इस बार 11 की 11 सीट का आशीर्वाद हमें दीजिएगा। जब चुनाव लड़ने की बारी आई तो भूपेश बघेल यहां से राजनांदगांव चले गए। कांग्रेस कहती है कि अल्पसंख्यक के लिए अलग कानून बनाएंगे। कांग्रेस पार्टी मुस्लिम लीग का एजेंडा लेकर आगे चल रही है। मैं आपको बताता हूं, आपके क्षेत्र के काम के लिए हर मंत्री से झगड़ा करने वाला कोई सांसद है तो वह विजय बघेल है। दुर्ग क्षेत्र में 500 किलोमीटर की सड़क आई। अमृत भारत मिशन के तहत छत्तीसगढ़ के 7 रेलवे स्टेशन का काम हो रहा है। दुर्ग-राजनांदगांव रेलवे लाइन काम शुरू कराई। 2 लाख घरों में जलजीवन मिशन दुर्ग क्षेत्र में पहुंचाया। मोदीजी ने पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक मान्यता देकर पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया। रिजर्वेशन देने का काम बीजेपी ने किया है। राहुल बाबा को तोते की तरह किसी ने ह्क्वष्ट-ह्क्वष्ट सीखा दिया है। देश में पिछड़ा वर्ग का कोई विरोधी है तो वह कांग्रेस ही है। आप लोगों के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार बनी। सरकार के आते ही महतारी वंदन योजना की किस्त भी शुरू हो गई, बकाया बोनस भी दे दिया गया। 12 लाख करोड़ के घपले-घोटाले करने वाली कांग्रेस फिर से आई है घमंडिया गठबंधन बनाकर। भूपेश एंड कंपनी ने क्कस्ष्ट घोटाला किया, गोबर घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला किया। 14 करोड़ लोगों को नल से जल देने का काम मोदीजी ने किया। अब सिलेंडर को रीफ़िल करने की जरूरत नहीं होगी। तीसरी बार मोदीजी को प्रधानमंत्री बनाइए पाइप से गैस पहुंचाने का काम किया जाएगा। बीजेपी सरकार के समय जवानों ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की, एयर स्ट्राइक की। मोदीजी ने देश की सीमाओं को सुरक्षित किया। कांग्रेस के समय कोई भी आतंकवादी घुसकर हमला कर देते थे। कांग्रेस ने धारा 370 को संभाल कर रखा। मोदीजी ने इसे समाप्त कर दिया। कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बना दिया। राहुल कहते थे धारा 370 मत हटाइए। खून की नदियां बहेंगी। अरे राहुल बाबा खून की नदियां तो छोड़ो किसी के में कंकण चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई। कांग्रेस सरकार 70 साल से राम जन्मभूमि के सवाल को अटकाकर रखा। ट्रस्ट वालों ने राहुल बाबा को निमंत्रण दिया लेकिन वे वोट बैंक के कारण प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ही ठुकरा दिया। कांग्रेस ने राजनीतिक स्वार्थ के कारण नक्सलवाद के पालन-पोषण का काम किया। भूपेश कका की सरकार ने नक्सलवाद को बचा के रखा। अब 4 महीने में 90 नक्सलियों को समाप्त करने का काम बीजेपी ने किया है। 2 साल में नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। छत्तीसगढ़ की जनता ने भुनेश्वर की हत्या को गंभीरता से लिया। हमने ईश्वर साहू को प्रत्याशी बनाया। कोई नहीं मानता था की वे कद्दावर नेता रविंद्र साहू का सुपड़ा साफ कर देंगे।

# वैवाहिक रस्म के बीच मतदान करने पहुंची दुल्हन



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर सभी वर्ग के मतदाताओं में काफी उत्साह है। इस दौरान शादी हो रहे दूल्हा, दूल्हन और उनके परिवारजन भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहना चाहते है।

इस बीच जिले में कई प्रेरित करने वाली तस्वीर सामने आई। जिले में कई जगहों से कहीं दुल्हन तो कहीं दूल्हा वैवाहिक रस्म को निभाते हुए मतदान की जिम्मेदारी को भी निभाने मतदान केन्द्र पहुंचे। शादी के पवित्र बंधन में बंधने जा रही टिकेश्वरी ने कहा कि जैसे जीवन में शादी जरूरी है वैसे ही लोकतंत्र के लिए मतदान भी जरूरी है। विवाह मंडप से मतदान करने पहुंचे दुल्हन का मतदान दलों ने मुस्करा कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। यह नजारा था महासमुंद के कलाबाई स्कूल के मतदान केंद्र का जहां मतदान करने के लिए सौ.कां. टिकेश्वरी साहू अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंची थी। 26 अप्रैल को विवाह कार्यक्रम तय होने के बाद मतदान की तिथि घोषित हुई जिसके चलते विवाह कार्यक्रम जारी था, दोपहर करीब 12 बजे टिकेश्वरी अपनी मां मोहिनी साहू, चाचा बाबूलाल साहू, चाची मीना साहू, बहन झरना साहू और बुआ सुशीला साहू के साथ मतदान केंद्र पहुंची। जहां मतदान दल ने मुस्करा कर उनका स्वागत किया और मतदान में भाग लेने के लिए सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी। बाहर खड़े लोगों ने भी शुभकामनाएं दी और कहा कि इसी तरह मतदान के प्रति लोगों को जागरूक बनाना चाहिए और पहले मतदान की भूमिका अभिनीत करने से ही लोकतंत्र मजबूत होगा।

इसी तरह विधानसभा 40.बसना अंतर्गत केन्द्र जम्हर 01 में हल्दी की पोशाक में दूल्हे के द्वारा मतदान कर मताधिकार का प्रयोग किया गया। मंडप से बूथ तक हल्दी के पोशाक में दूल्हे के सफर को देख ग्रामीणों ने भी सराहना की। इसी तरह विधानसभा 39.सरायपाली अंतर्गत एक दूल्हे द्वारा बारात प्रस्थान से पहले शासकीय प्राथमिक शाला बोंदा के मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला भवन दमोदरहा में भी शादी के पोशाक में दूल्हे द्वारा अपने मत को प्रयोग करते हुए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। ग्राम बटोरा ;कुलियाद्ध मतदान केंद्र 69 में विवाह के दौरान क्षमा साहू एवं किरण साहू द्वारा मतदान किया गया। यह तस्वीरें मतदान के महत्व को इंगित करता है तथा अन्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करता है।

## पलायन से लौटे मजदूरों ने लोकतंत्र के महापर्व में निभाई अपनी भागीदारी



लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदान में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले से पलायन किए मतदाताओं को लोकतंत्र महापर्व में शामिल होने प्रोत्साहित किया जा रहा है। घर आजा संगी अभियान के तहत आज पलायन से लौटे मजदूरों में मूंगाबाई, केशोराय, गंगाबाई, गणेश, सोहद्रा, कोदुराम, कुंती बाई, समलिया, देवंतीन एवं रेवाराम, दुष्यंत एवं पिंकी दीवान ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान पिंकी एवं दुष्यंत ने सेल्फी जोन में तस्वीरें भी ली। इन सभी मतदाताओं की सहभागिता अन्य मतदाताओं को प्रेरित करता है। जीवन यापन के लिए काम करने घर से बाहर निकले मजदूरों के कारण मतदान प्रतिशत में कमी को रोकने प्रशासन द्वारा उनके मोबाइल पर मैसेज एवं वीडियो कॉल के माध्यम से चुनाव के महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## मतदाताओं को तिलक लगाकर फूल बरसाकर किया स्वागत



जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आदर्श मतदान केन्द्र को स्थानीय संस्कृति के अनुरूप सजाया गया है। महासमुंद में सिरपुर के थीम पर आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। इन केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। आदर्श मतदान केन्द्रों में आकर्षक प्रवेश द्वार के साथ ही नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं को तिलक लगाकर एवं फूल बरसाकर स्वागत किया जा रहा है। यहां मतदान देने पहुंच रहे मतदाताओं ने कहा कि आदर्श मतदान केन्द्र में पहुंचकर हमें हमारे स्थानीय कल्चर की छटा देखने को मिल रहा है। मतदाताओं ने कहा कि यहां लोकतंत्र के पर्व का उत्सव मनाने का एहसास हो रहा है। आदर्श मतदान केन्द्र को जिस तरह सजाया गया है उसके चलते मतदान के लिए लंबी लाइन के बीच खड़े होकर भी गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। छाया, कूलर एवं पेयजल की व्यवस्था सराहनीय है।

## दिव्यांग मतदाता रथ की सुविधा का लाभ उठाया



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन आयोग की अनुकरणीय पहल पर अतिसंवेदनशील लोगों तक पहुंचकर मतदान देने की प्रक्रिया सहज बनाने जिले में शिदव्यांग मतदाता रथ चलाया जा रहा है। दिव्यांगों एवं 80 आयु के वृद्धजन मतदाताओं द्वारा मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दिव्यांग मतदाता रथ की सुविधा का पूरी तरह लाभ लिया जा रहा है तथा मतदाताओं द्वारा मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक भी पहुंचाया जा रहा है। 32 वर्षीय दिव्यांग मतदाता सुरजो यादव, 35 वर्षीय दिव्यांग मतदाता काश्मीरी अली ने बताया कि प्रशासन की इस सुविधा से उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने में आसानी हुई। वे हर बार स्वयं ट्रायसायकल के माध्यम से मतदान केन्द्र तक पहुंचती थी। 80 वर्षीय मतदाता रोजन बी ने बताया कि इस बार गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिक उम्र के कारण शारीरिक थकान के चलते मतदान केन्द्र तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था। मुझे दिव्यांग मतदाता रथ की सुविधा मिलने से मताधिकार का उपयोग कर मैं काफी खुश हूं।

## कलेक्टर ,सीईओ ने किया मतदान



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने सपत्नीक सुबह 9:00 बजे शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय मचेवा के आदर्श मतदान केन्द्र में मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं के साथ लाईन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने यहां की गई व्यवस्था का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने सपत्नीक सेल्फी भी ली। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने भी शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय मचेवा के आदर्श मतदान केन्द्र में सपत्नीक मतदान किया।



## पहली बार मतदान कर प्राची खुश नजर आई

**महासमुंद।** पहली बार मतदान करने 18 प्लस आयु वर्ग के क्लब पारा निवासी युवा मतदाता प्राची मिश्रा बेहद खुश नजर आई। प्राची मिश्रा ने उत्साह के साथ मतदान किया। आदर्श मतदान केन्द्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाणिज्य भवन में वे सुबह से मतदान करने पहुंची थी। प्राची ने कहा कि यहां मतदान केंद्र का साज सज्जा देखकर उन्हें बहुत ही अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए छाया, कूलर, पानी की अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन की व्यवस्था को सराहा और अपने जैसे युवाओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।



## थर्ड जेंडर सारिका और जूली ने निभाई भागीदारी

लोकतंत्र के महापर्व में बागबाहरा के थर्ड जेंडर सारिका और जूली ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए कहा कि हमने इस बार वीडियो के माध्यम से न केवल थर्ड जेंडर से बल्कि सभी से मतदान करने की अपील की है। निश्चित रूप से इसका असर देखने को मिलेगा। मतदान पश्चात उन्होंने सेल्फी भी ली। उन्होंने अपने साथियों को भी मत देने का आग्रह किया है। लोकतंत्र के इस पर्व में हमारी भी भागीदारी सुनिश्चित होगी। जिले में तृतीय लिंग के 17 मतदाता है।

## विभिन्न बैंको मे पुलिस ने दबिश देकर निरीक्षण किया



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश के बाद शहर मे स्थित विभिन्न बैंको मे पुलिस प्रशासन द्वारा आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे बैंक मे आने जाने वाले तथा बैंक के बाहर खडे लोगो एवं बैंक के आस पास स्थित पान दुकान होटल व अन्य प्रकार के ठेला लगाने वालो के पास खडे हुये लोगों से पुलिस ने पूछताछ की इस दौरान बैंक के शाखा प्रबंधक को प्रवेश द्वार संपूर्ण बैंक परिसर एवं कैश काउंटर के नजदीक पर्याप्त संख्या मे सीसी टीवी कैमरा लगाने के लिये निर्देश दिये गये साथ हीं ब्रांच मैनेजर को यह भी कहा गया कि बैंक के भीतर या बाहर किसी भी प्रकार की गडबडी संदिग्ध गतिविधि की आशंका होने पर तत्काल पुलिस थाना को सूचित करें साथ हीं बैंक मे नोटिस बोर्ड तथा सामान्यजनो को सहज रूप से दृष्टिगत होने वाले स्थान पर थाना पुलिस कंट्रोल रूम एवं अन्य आवश्यक संपर्क नंबर का उल्लेख करने वाला बोर्ड लगाकर चस्पा करने के निर्देश दिये गये वहीं बैंक की सुरक्षा मे तैनात निजी सुरक्षा गार्डो को सतत रूप से निगरानी करने के भी निर्देश दिये गये। चेकिंग अभियान मे संदिग्ध प्रवृतत्ती के लोगों मास्क लगाकर स्कार्फ एवं गमछा बांधकर आने वाले सभी महिला पुरूष बैंक ग्राहको को गेट पर हीं रोककर उनका परिचय बैंक आने जाने का कारण तथा बैंक मे प्रवेश के दौरान स्कार्फ गमछा एवं मास्क उतारकर बैंक मे दाखिल होने के निर्देश दिये गये इस ट्रायल मे पुलिस को कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला उक्ताशय की जानकारी नगर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने दी है।

## महिला से छेड़छाड़ का आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया



**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के सख्त निर्देश के बाद महिला संबंधित अपराध पर त्वरित कार्यवाही करते हुये ग्रामीण क्षेत्र मे छेडछाड के एक प्रकरण मे पुलिस ने छेडछाड के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त् संबंध मे उप निरीक्षक किशन कुंभकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेंदरी निवासी देवलाल ध्रुव नामक 25 वर्षीय युवक ने गत दिनो एक महिला के घर मे प्रवेश कर बदनीयत से दिन दहाडे उसको बेईज्जत करते हुये हांथ बांह पकड़कर छेडछाड करने लगा घटना की रिपोर्ट महिला द्वारा किये जाने के बाद पुलिस ने देवलाल ध्रुव को खोजबीन करते हुये पकड़कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। उसके विरूद्ध धारा 354, 454 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे एडीशनल एसपी अविनाश ठाकुर, एसडीओपी आशीष अरोरा का मार्गनिर्देशन प्राप्त हुआ।

## लोकतंत्र के महोत्सव में निभाई महत्ती जिम्मेदारी

समवेत शिखर संवाददाता

**कुरूद।** शुक्रवार को छत्तीसगढ के विभिन्न लोकसभा सीटों का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें महासमुंद लोकसभा अंतर्गत चुनाव में कुरूद नगर और ग्रामीण अंचल में लोगो मे जागरूकता देखी गई।आमजन अपने घरों से निकलकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागेदारी सुनिश्चित करने अपनी सहभागिता दिखाने लगे।पहली बार मतदान कर रहे युवाओं में इसके लिए विशेष उत्साह देखा गया।

मिली जानकारी अनुसार कुरूद नगर और ग्रामीण अंचल में मतदान के दौरान लोगों में विशेष उत्साह नजर आया। तपती गर्मी के बावजूद लोग अपनी जिम्मेदारी को निभाने सुबह से ही पोलिंग बुथ में पंक्तिबद्ध होकर अपनी बारी इंतजार करते नजर आए।युवा,आमजन,महिला वर्ग ,बुजुर्ग सहित लगभग सभी में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए उत्सुकता और लगन दिखाई दी।।लोग सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में शेयर कर अपनी खुशी प्रकट कर रहे है।

इसी तरह ग्रामीण अंचल के मतदान केंद्रों में भी सुबह से भारी उत्साह नजर आया है।लोकतंत्र के इस महाकुंभ में सभी अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आए।चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी भी उनके अपने कर्तव्यों को निभाने से रोक नही पाई।लोग भले ही घंटो तक कतार बद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। फिर भी उनके मन में मतदान के प्रति असीम उत्साह था।इस प्रकार कहा जा सकता है।लगभग सभी स्थानों पर अच्छी वोटिंग हुई है यह अनुमान लगाया जा रहा है।लोगो में अपनी जिम्मेदारी निभाने का जुनून उन्हें विकसित और संकल्प शील राष्ट्र के निर्माण की नीव रखने में कारगर साबित हो सकता है।



## महापर्व में महासमुंद के लोकसभा के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** लोकतंत्र के महापर्व में आज महासमुंद के लोकसभा के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 महासमुंद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 41 खलारी मतदान केंद्र 98 प्राथमिक शाला भानपुर को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया जहां पर प्रवेश द्वार को गुब्बारे से सजाया गया था एवं मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था एवं गर्मी से बचने के लिए ऊपर समियाना परदा लगाया गया था सुबह से ही मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी मतदान का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से सुचारू रूप से चल रहा था सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान का समय रखा गया।

वही लालपुर केंद्र 97 प्राथमिक शाला लालपुर में मतदाताओं में काफी गुस्सा नजर आया क्योंकि मंडीपारा वार्ड नंबर 12 के जितने भी निवासी मतदाता हैं वह अपने मोहल्ले के मतदान केंद्र को छोड़कर एवं रास्ते में पडने वाले तीन-चार मतदान केंद्र को पार करते हुए शहर के दूसरे छोर पर स्थित लालपुर स्कूल में मतदान केंद्र जाना पड़ता है जिससे काफी दूरी होने से आने-जाने में परेशानी एवं वृद्ध एवं विकलांगों को काफी तकलीफका सामना करना पड़ता है।

दयहानी भाठा एवं मंडीपारा के मतदाताओं ने कई बार निर्वाचन अधिकारियों को इस बात से अवगत कराया पर आज तक किसी प्रकार की सुधार की कार्यवाही नहीं की गई यहां के मतदाताओं ने मांग की है कि हमारा मतदान केंद्र पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बागबाहरा वार्ड नंबर 12 किया जाए अन्यथा आने वाले समय में चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

वही बूथों की स्थिति देखी जाए तो बीजेपी के कार्यकर्ताओं एवं बूथों में भारी उत्साह देखने को मिला वहीं कांग्रेस के बूथ में पंडाल में कार्यकर्ता नजर नहीं आ रहे थे मानो चुनाव परिणाम से पहले ही मैदान छोड़ दिया हो।

मतदान केदो में प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ बुजुर्ग एवं विकलांग लोग ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वहीं सांसद चुन्नीलाल साहू ने अपने ग्रह ग्राम में मताधिकार का प्रयोग किया सतीश जग्गी ने मतदान क्रमांक 91 हर सेकेंडरी स्कूल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया रूप कुमारी चौधरी जो कि भाजपा की प्रत्याशी है ने अपने ग्रह ग्राम में मताधिकार का प्रयोग किया द्वारकाधीश यादव ने अपनी पत्नी के साथ ग्रह ग्राम फुट्ट गुना में मताधिकार का प्रयोग किया।

द्वारकाधीश यादव ने पिथौरा से आते वक्त बागबहरा मार्ग में सड़क के किनारे ईवीएम मशीन को निकाल कर दूसरी गाड़ी में सिफ्ट करने पर संदेश जताते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर महोदय को की गई उसमें उन्होंने संदेह जताया हैं कि ईवीएम मशीन से छेड़छाड़ तो नहींकी गई है?बागबाहरा। लोकतंत्र के महापर्व में आज महासमुंद के लोकसभा के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया लोकसभा



निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 महासमुंद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 41 खलारी मतदान केंद्र 98 प्राथमिक शाला भानपुर को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया जहां पर प्रवेश द्वार को गुब्बारे से सजाया गया था एवं मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था एवं गर्मी से बचने के लिए ऊपर समियाना परदा लगाया गया था सुबह से ही मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी मतदान का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से सुचारू रूप से चल रहा था सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान का समय रखा गया। वही लालपुर केंद्र 97 प्राथमिक शाला लालपुर में मतदाताओं में काफी गुस्सा नजर आया क्योंकि मंडीपारा वार्ड नंबर 12 के जितने भी निवासी मतदाता हैं वह अपने मोहल्ले के मतदान केंद्र को छोड़कर एवं रास्ते में पडने वाले तीन-चार मतदान केंद्र को पार करते हुए शहर के दूसरे छोर पर स्थित लालपुर स्कूल में मतदान केंद्र जाना पड़ता है जिससे काफी दूरी होने से आने-जाने में परेशानी एवं वृद्ध एवं विकलांगों को काफी तकलीफका सामना करना पड़ता है।

दयहानी भाठा एवं मंडीपारा के मतदाताओं ने कई बार निर्वाचन अधिकारियों को इस बात से अवगत कराया पर आज तक किसी प्रकार की सुधार की कार्यवाही नहीं की गई यहां के मतदाताओं ने मांग की है कि हमारा मतदान केंद्र पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बागबाहरा वार्ड नंबर 12 किया जाए अन्यथा आने वाले समय में चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। वही बूथों की स्थिति देखी जाए तो बीजेपी के कार्यकर्ताओं एवं बूथों में भारी उत्साह देखने को मिला वहीं कांग्रेस के बूथ में पंडाल में कार्यकर्ता नजर नहीं आ रहे थे मानो चुनाव परिणाम से पहले ही मैदान छोड़ दिया हो।

मतदान केदो में प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ बुजुर्ग एवं विकलांग लोग ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया वहीं सांसद चुन्नीलाल साहू ने अपने ग्रह ग्राम में मताधिकार का प्रयोग किया सतीश जग्गी ने मतदान क्रमांक 91 हर सेकेंडरी स्कूल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया रूप कुमारी चौधरी जो कि भाजपा की प्रत्याशी है ने अपने ग्रह ग्राम में मताधिकार का प्रयोग किया द्वारकाधीश यादव ने अपनी पत्नी के साथ ग्रह ग्राम फुट्ट गुना में मताधिकार का प्रयोग किया। द्वारकाधीश यादव ने पिथौरा से आते वक्त बागबहरा मार्ग में सड़क के किनारे ईवीएम मशीन को निकाल कर दूसरी गाड़ी में सिफ्ट करने पर संदेश जताते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर महोदय को की गई उसमें उन्होंने संदेह जताया हैं कि ईवीएम मशीन से छेड़छाड़ तो नहींकी गई है?

## सांसद चुनने लोगों में दिखा उत्साह, तेज गर्मी और शादियों का मतदान पर असर

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार 26 अप्रैल की शाम 5 बजे तक 71.13ः मतदान हुआ। मतदान शांतिपूर्ण रहा। तथा छिटपुट विवादों को छोड़ कहीं से किसी अप्रिय स्थिति की खबर नहीं आई। यहां कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू और भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के बीच सीधा मुकाबला था। इनके अलावा 15 प्रत्याशियों की राजनीतिक किस्मत ईव्हीएम में कैद हो गई। 2019 में 74.65ः मतदान हुआ था। कुछ स्थानों पर ईव्हीएम की खराबी के कारण मतदान कुछ देर के लिए अवरूद्ध हुआ। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरदी के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। तेज गर्मी और शादियों का असर मतदान पर देखा गया। दोपहर में तेज धूप से बचने के लिए सुबह के पहले 4 घंटे में ही अधिकांश मतदाता मतदान कर फारिग हो गए। 11 बजे तक ही जिले में 36ः मतदान हो चुका था। धूप तेज होने के साथ ही मतदान केंद्रों में चहल.पहल घटती चली गई। इक्का.दुक्का मतदाता ही मतदान के लिए पहुँचते रहे। 11 बजे के बाद से 4 बजे तक मतदान की गति धीमी रही। 1 बजे तक यह 52.39ः तथा 3 बजे तक 61.54ः तथा धूप कम होने के बाद शाम 5 बजे तक यह आंकड़ा 71.13ः तक जा पहुंचा। मतदान के अंतिम आंकड़े अभी नहीं आ पाये हैं। 5 बजे तक बसना में 71.07ः, बिंद्रानवागढ़ में 78.84ः, धमतरी में 70.16ः, खल्लारी.66.34ः, कुरुद 74.40ः, महासमुंद.64.90ः, राजिम. 72.02ः, सरायपाली.70.87ः मतदान हुआ।

# जिले में मतदान के लिए लोगों में दिखा गजब का उत्साह



## नए मतदाताओं, नव विवाहित जोड़ों ने भी प्राथमिकता से किया मतदान

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदान करने हेतु मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। मतदान केन्द्र के बाहर सभी वर्ग के मतदाताओं में भारी उत्साह रहा।मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारे लगी थी।जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं के साथ-साथ नवविवाहित जोड़ों ने भी प्राथमिकता के साथ वोट दिया। प्रशासन द्वारा विकसित की गई सुविधाओं के चलते मतदान के लिए बुजुर्गों में भी जोश और जुनून दिखा। मतदाता मित्र, दिव्यांग रथ सहित केंद्रों में छाया,पानी एवं बैठक व्यवस्था से सभी मतदाता लाभान्वित हुए। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अभियान चलाये गये थे।जिसके परिणाम स्वरूप मतदाताओं में मतदान करने हेतु विशेष उत्साह दिखाई दिया।

**शादी के साथ मतदान को भी दी महत्व**

गरियाबंद जिला प्रशासन के द्वारा लोकसभा चुनाव के प्रति लोगो में किए जा रहे जागरूकता का असर इस चुनाव में स्पष्ट देखने को मिला जिसके चलते इस पोलिंग बूथ में सुबह से ही मतदान करने वाले मतदाता की भीड़ दिख रही है,वही लोग अपने निजी कार्य के पहले ही अपने मत का उपयोग कर अपनी इच्छा अनुसार अपना प्रत्याशी चुनने वोट डाल रहे है।ऐसा ही नजारा जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मरोदा में देखने को मिला जब एक दूल्हा जिसका आज बरात जाना है वो अपने बरात निकलने के पहले ही मतदान प्रारंभ के साथ ही ग्राम मरोदा के पोलिंग बूथ में बकायदा लाइन में लग कर वोट डालने अपने समय का इंतजार करते दिखा।इस तरह ग्राम पाथरमोहंदा में मतदान के दिन ही ऋषि सेन की लड़की की बरात आनी थी,फिर भी उसकी लड़की अपना वोट डालने आई और मतदान के प्रति जागरूकता दिखलाई।वही जिले के पांडुका निवासी सूर्यहास साहू दूल्हे के रूप में वैवाहिक परिधान में सज-धज कर बारात प्रस्थान करने के पूर्व मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।उसके पश्चात उनका बारात ग्राम केन्द्री के लिए प्रस्थान किया।इसी प्रकार ग्राम बेलर के मतदान केन्द्र क्रमांक 161 के मतदान केंद्र में हल्दी में रंगे वर श्री भीखम सिन्हा, ग्राम खुटेरी के प्रशांत साहू और ग्राम लोहरसी के लीलाराम निर्मलकर ने बारात प्रस्थान करने के पूर्व मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान किया।ग्राम तंवरबाहरा के दूल्हा मनोज कुमार ध्रुव ने अपने परिवार के साथ पारम्परिक वेशभूषा एवं वैवाहिक परिधानों में मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।उन्होंने सभी मतदाताओं को सबसे पहले मतदान कर अन्य कार्यों को पूरा करने की अपील की।

**दुल्हनों ने भी विवाह के रस्मो के पहले किया मत का दान** – कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में चलाए गए सघन मतदाता जागरूकता अभियान का आज सुखद परिणाम देखने को मिला। जिले के सभी वर्ग के मतदाताओं के साथ-साथ वर-वधु बनने जा रहे युवक-युवतियो ने भी पहले मतदान करने के बाद शादी के शेष रस्मों को पूरा किया। इसी तरह मतदान के केंद्र चिखली की हल्दी रस्म पूरा कर मतदान करने पहुंची। इसके अलावा नवविवाहिता लीना कोमर्रा ने अपने ससुराल ओडिसा से मतदान करने अपने मायके ग्राम जाड़ापदर मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान कर अपना फर्ज निभाया।

**दिव्यांग रथ एवं अन्य सुविधाओं से मतदाता हुए लाभान्वित**–ग्राम मदनपुर के 82 वर्षीय बलराम यादव ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।इसमें केन्द्र में स्थित मतदाता मित्रों ने वोट डालने में सहायता की। इसी प्रकार जिला प्रशासन द्वारा बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक निःशुल्क परिवहन के लिए दिव्यांग रथ की सुविधा उपलब्ध कराई गई।जिसकी मदद से ग्राम रावनसिंघी के अंजोरी राम ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया।गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में पेयजल की भी व्यवस्था की गई थी।साथ ही धूप से बचाव के लिए छायादार शेड भी बनाये गये थे।मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता सहायता केन्द्र भी बनाये गये थे जिससे मतदाताओं को मदद मिली।

मतदान करने में विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्य भी नहीं रहे पीछे-लोकतंत्र के महापर्व में जिले के दूरस्थ इलाकों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों ने भी बढ़चढकर मतदान में सहभागिता सुनिश्चित की। युवाओं सहित बुजुर्गों एवं शिशुवती माताओं ने भी उत्साहित होकर मतदान किया।छोटे बच्चों को गोद में लिए हुए माताओं ने अपने मताधिकार का सहर्ष उपयोग किया।कुल्हाड़ीघाट सहित आमामोरा एवं ओढ़ जैसे क्षेत्रों में भी सुबह से मतदान करने के लिए जनजाति सदस्य उत्साहित नजर आए।

आदर्श मतदान केन्द्र बना आकर्षण का केन्द्र-जिले के मतदाताओं को प्रोत्साहित करने जिले में स्थानीय सभ्यता,संस्कृति एवं प्राचीन धरोहरों से परिपूर्ण विशेष थीम पर आधारित 15 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये थे।विशेष साज-सज्जा और रंग रोगन से सुसज्जित आदर्श मतदान केन्द्रों की ओर मतदाता उत्साहित होकर मतदान करने के लिए पहुंचे।इसके तहत गरियाबंद के सिविल लाईन किसानपारा मतदान केन्द्र को गरियाबंद के पर्यटन स्थल चिंगरापगार की थीम पर सजाया गया था। सढ़ौली मतदान केन्द्र को बिन्द्रानवागढ़ रियासत आदिवासियों के राजा कचना धुरवा के थीम पर सजाया गया था। इसी प्रकार जिले के कुल 15 आदर्श मतदान केन्द्रों को इको फ्रेंडली थीम,महिला मित्र बूथ फ्रेंडली, वनोत्पाद के थीम,उंदती अभ्यारण्य के थीम,मैनपुर के जलप्रपात एवं मटका आधारित थीम से सजाया गया था। इन मतदान केन्द्रों को आकर्षक रंग रोगन और सजावटी समानों से संवारा गया था, जो देखने में आकर्षक और मतदाताओं को वोट डालने के लिए बेहतर और खुशनुमा माहौल प्रदान किया। इन केन्द्रों में सेल्फी जोन भी बनाया गया था। मतदाता वोट डालने के पश्चात सेल्फी भी लिए।

**लोकतंत्र के महापर्व पर जिला प्रशासन पूरी तरह से लोगो को सुविधा देने में लगी थी वही जिला स्वास्थ्य अधिकारी**

आदेशानुसार स्वास्थ टीम भी लगातार मॉनिटरिंग के लिए सभी ब्लाकों के मतदान केंद्र और स्वास्थ्य केंद्रों का विजिट भी किया गया।जहा जिले के सभी मतदान केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मियों और मितानिनों ने मतदान के लिए आने वाले बुजुर्गों उम्रदराज महिलाओं और दिव्यांगजनों की मदद की।जिसमे लोगो का बीपी शुगर की जांच भी निशुल्क की गई और भीषण गर्मी से परेशान लोगों को ओआरएस जीवनरक्षक घोल भी पिलाया गया।

# प्रेक्षक ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

## जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने आज मतदान दिवस में जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने युवा, महिला, दिव्यांगजनों द्वारा संचालित एवं अन्य मतदान केन्द्रों में पहुंचकर जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदानकर्मियों द्वारा संपादित किये जा रहे निर्वाचन कार्यो का भी बारीकी से अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने मतदान अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्हें सफ्लतापूर्वक मतदान कराने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रेक्षक अग्रवाल ने राजिम,कोपरा, रावड़, अरण्ड, पितईबंद के मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं तथा मतदाताओं की सुविधाओं के लिए पानी,छाया एवं बैठक व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान करने के लिए आये हुए मतदाताओं से चर्चा कर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

## मतदाता सूची से नाम है ग़ायब, मतदान स्थल से बैरंग लौटी ममता और ललिता



लोकतंत्र के इस महापर्व को पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है, वही आज गरियाबंद के वार्ड नंबर 8 में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, यहाँ डाकबंगला निवासी दो महिला मतदाता ममता साहू और ललिता देवांगन जब वोट डालने मतदान केंद्रों पर पहुंचे वोटर मतदाता सूची में अपना नाम न होने के कारण इस महापर्व के सहभागिता से फ़िलहाल वंचित रह गए।उन्होंने इसका विरोध भी दर्ज कराया, लेकिन लिस्ट में नाम न होने के कारण उन्हें मतदान करने से रोक दिया गया है,दोनों महिलाओं ने बताया कि वे तो इससे पूर्व सभी चुनाव में मतदान करते रहे हैं, लेकिन इस बार लिस्ट में नाम क्यों नहीं हैं ये बात समझ नहीं आ रहा है जबकि आज से ठीक चार महीने पहले हमने विधानसभा चुनाव में मतदान किया था और हम दोनों महिलाओं के पति का नाम बाक़ायदा वोटर लिस्ट में है बहरहाल लिस्ट में नाम न होने के कारण उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। एसडीएम विशाल महाराणा ने बतलाया वे मतदान केंद्र में गए थे उन्होंने ने मतदाता सूची चेक किया जिस पर दोनों महिलाओ का नाम दो बार डीलिट मार्क के साथ पाया गया वही एसडीएम महाराणा ने बतलाया बीएलओ के अनुसार किसी का नाम डीलिट नहीं किया गया है ये टेक्निकल फ़ॉल्ट है जिसे देख जा रहा है जल्द इसका निराकरण किया जाएगा।

# फरार बलत्कारी को स्टेशन में पकड़ा

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** स्थानीय रेल्वे सुरक्षा बल की टीम के सदस्यो ने भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे गश्त के दौरान पास्को एक्ट के एक अपराधी को पकड़ने मे सफ्लता हासिल की है। उपरोक्त संबंध मे आरपीएफ भाटापारा के आरएस मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनो उन्हे रात्रि 9 बजकर 55 मिनट पर सूचना मिली कि ट्रेन क्रमांक 18201 दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस मे धारा 376 का एक अपराधी जा रहा है जिस पर पुलिस थाना छावनी भिलाई मे धारा 376 ए बी एवं 46 पास्को एक्ट का मामला पंजीबद्ध है इस सूचना के बाद आरपीएफ प्रभारी सहित राजेश कुर्रे, संदीप कुमार व अन्य लोगों ने ट्रेन क्रमांक 18201 नवतनवा एक्सप्रेस के भाटापारा पहुंचने पर मिले लोकेशन व फोटो के आधार पर ट्रेन के रूकते हीं डिब्बों मे तलाशी शुरू की लेकिन ट्रेन के छूटते हीं पुलिस दल रेल्वे प्लेटफार्म मे उतरने वाले यात्रियों की ओर अपनी निगाहें जमाकर खोजबीन कर रहे थे कि रेल्वे फूट ब्रिज के उपर एक संदेही व्यक्ति मिला जो प्राप्त फोटो के आधार पर उसका चेहरा मिल रहा था पुलिस टीम ने उसे पकड़कर सघन पूछताछ की जिस पर पकडे गये युवक ने अपना नाम शुभम गुप्ता निवासी अंबेडकर नगर वार्ड नंबर 21 कैम्प सुपेला भिलाई जिला दुर्ग निवासी बताया इस पर भाटापारा रेल्वे सुरक्षा बल की टीम ने पुलिस छावनी जिला दुर्ग के प्रभारी को उक्त आरोपी के संबंध मे सूचना दी जिसके बाद छावनी थाना से त्रिलोकनाथ भाटी एवं जीतनारायण यादव सहित अन्य लोग भाटापारा रेल्वे सुरक्षा बल थाना पहुंचे जहां रेल्वे सुरक्षा बल की टीम ने छावनी पुलिस थाना वालो के सुपुर्द रेप के फरार आरोपी शुभम गुप्ता विजय को सहीं सलामत सौंपा इस तरह बलत्कार के एक फरार आरोपी को रेल्वे सुरक्षा बल ने समय पर पकडकर बेहतर कार्य किया है।

# हिर्री माइंस क्षेत्र में ट्रक में लोड कबाड़ी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा एवं अपराध गुप्तचर शाखा रायपुर की संयुक्त टीम ने ग्राम एवं थाना हिर्री मे दबिश देकर रेल्वे के सामान को खरीदने वाले कबाड़ी को पकड़ा है।

उपरोक्त संबंध मे आरएस मिश्रा ने बताया कि रेल्वे सुरक्षा बल की टीम मे सीएस मिश्रा, टी राय एवं अपराध शाखा के संयुक्त टीम ने सड़क मार्ग से सफर करते हुये थाना हिर्री क्षेत्र मे सीआईबी रायपुर के उप निरीक्षक बीआर साहू, यू एस श्रीवास के साथ हिर्री माइंस थाना प्रभारी किशोर केंवट को साथ लेकर उनके थाना क्षेत्रांतर्गत पेन्ड्रीडीह बाईपास चौक पर स्थित एम के ट्रेडर्स कबाड़ दुकान के संचालक मुस्तिकीम खान के यहां छापामार कार्यवाही करते हुये रेल्वे के लोहा खरीदने व बेचने के प्रकरण मे उनसे सघन पूछताछ की इस पूछताछ के दौरान कबाडी के दुकान से रेल्वे का एस ई जे एंगल बरामद किया उक्त रेल्वे की संपत्ती के संबंध मे वैध दस्तावेज की मांग पुलिस टीम ने की जिस पर कबाड़ी मुस्तिकीम खान कोई वैध दस्तावेज व बिल प्रस्तुत नहीं कर सका मुस्तिकीम खान ने पुलिस दल को बताया कि रेल्वे की संपत्ती को उसने किसी चलते फिरते कबाडी से लगभग 10 दिन पहले खरीदा है उसके कुछ बारे मे कुछ खास व हुलिया व बताने मे असमर्थ है मुस्तिकीम खाने ने यह भी बताया कि रेल्वे की कुछ और कबाड़ को उन्होने खरीदकर उपरोक्त माल को ट्रक मे लोड करके भेजा है जिसके आधार पर पुलिस टीम ने सीसी टीवी कैमरे को खंगाला लेकिन कोई पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिल पाने पर कबाडी मुस्तिकीम खान से पुनः पूछताछ की गई तब उसने अपने कारोबार का पर्दा फास करते हुये कहा कि वह रेल्वे की संपत्ती को अवैध रूप से खरीदने व कब्जा मे रखने का काम करता है कबाडी से मिले लोकेशन के आधार पर पुलिस जांच दल ने ट्रक ड्राइवर मोहम्मद पीरू शेख निवासी खंडोबा पारा रतनपुर कोटा जिला बिलासपुर को पकडकर पूछताछ किया तब ट्रक ड्राइवर ने बताया कि उसने अपने ट्रक को आज हीं लोडकर यहां से हटाकर कुछ दूर चौक के आगे खडे कर रखा है ट्रक ड्राइवर मोहम्मद पीरू शेख की निशानदेही पर पुलिस टीम ने पेन्ड्रीडीह बाईपास चौक के आगे रायपुर जाने वाले मार्ग पर ट्रक क्रमांक सीजी 12 सी 0878 जो कि वहां पर खडा था उसमे लोड़ एमके ट्रेडर्स का कबाड़ जब्त किया। उस ट्रक मे जांच करने पर सामने से नीचे की ओर कबाड के नीचे एक नग लगभग डेढ मीटर रेलपांत व छह नग रेल्वे का फिश प्लेट बरामद किया गया ट्रक पूरी तरह से अन्य कबाड़ के कारण भरा था इसलिये कबाड को रोड पर खाली करना पुलिस टीम ने उचित नहीं समझा व ट्रक चालक मोहम्मद पीरू शेख से रेल्वे के संपत्ती को ले जाने के संबंध मे दस्तावेज दिखाने की मांग की तब ट्रक ड्राइवर किसी भी किस्म के बिल व दस्तावेज नहीं दिखा पाया फ्लस्वरूप उसके कब्जे से ट्रक सहित रेल्वे की चोरी गई संपत्ती को जब्त कर लिया गया है व आरोपियों के विरूद्ध रेल्वे पुलिस एक्ट की धारा 3 ए व धारा 6 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध करते हुये उन्हे भाटापारा रेल्वे सुरक्षा बल थाना लाया गया है। पुलिस की उक्त कार्यवाही मे हिर्री माइंस थाना प्रभारी किशोर केंवट, सुरेश शर्मा, बृजेश मिश्रा, जान टोप्पों के साथ साथ रायपुर व भाटापारा रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट के पुलिस वाले शामिल थे।

# जैन शास्त्रों में बताए आहार 4 विधि का यदि बराबर पालन करें तो डॉक्टर, वैद्य की आवश्यकता नहीं होगी

समवेत शिखर न्यूज



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

**अहमदाबाद।** आधुनिक युग में भौतिकवाद तो है ही साथ में आजकल लोगों को शो ऑफ करने का व्यसन लगा है। सबको यह बताना है कि जगत की सर्वश्रेष्ठ चीज मेरे पास है। एप्पल फोन खरीदते है तो सबके सामने शो ऑफ करते है, बीएमडब्ल्यू कार खरीदते है तो लांग ड्राइव पर जाकर शो ऑफ करते है, नया घर, लक्जरी बंगला हो, नई टेक्नालाजी के कोई नये गेजेड्स हो या फिर कोी ब्रांडेड कपड़े, जूते, घड़ी आदि सब चीजों का दिखावा करना पसंद करते है।

जैनाचार्य बहुमुखी प्रतिभा संपन्न, प्रभावक प्रवचनकार प.पू.आ.देव राजयशसूरीश्वरजी म.सा. ने विशाल संख्या में उपस्थित श्रोताओं को संबोधन करते हुए फरमाया कि ब्रॉडेड चीजों का शो ऑफ करके आप अपनी कीमत बढ़ा रहे हो या उस ब्रॉड का प्रचार-प्रसार कर रहे हो? यजि प्रचार करना ही है, शो ऑफ करना ही हो तो जैन धर्म प्राप्ति का करो। जगत में ही नहीं बल्कि चौदह राजलोक में सर्वोत्तम-सर्वोच्च सर्वोत्कृष्ट यदि कोई धर्म होतो वह जैन धर्म है। जैनधर्म लोकप्रिय ही नहीं लोकोत्तर धर्म है। जैन धर्म की महिमा तो तीनों लोक में प्रसिद्ध है। ये कपड़ों के ब्रॉड घड़ियों के जूते-चप्पलों के, कार के ब्रॉड का जितना गर्व करते हो, अभियान होता है उससे कई गुणा अधिक तीन लोक में महान, देवाधिदेव द्वारा स्थापित यह जयवंता- महिमानंत एवं गौरववंत जैनधर्म को प्राप्त करने का गर्व एवं आनंद महसूस करना।जीवन में कोई भी सानुकूल चीजे या परिस्थिति पुण्याई से ही प्राप्त होती है। महान पुण्योदय से मनुष्य भव-जैन शासन मिला उसे व्यर्थ न जाने दे। किसी टॉप लेवल की स्कूल या कॉलेज में एजुकेशन प्राप्त करने का आनंद तो होता है, उस स्कूल का आभार मानने प्रत्येक स्थान में उसकी गौरव गाथा का गान करते हैं तो टॉप नहीं बल्कि टॉप मोस्ट लेवल के धर्म का उपकार मानने क्या हम उसे धर्म की गौरव गाथा का गान नहीं गा सकते? नामांकित चीजों से जुड़ने की इतनी तत्परता, लोलुपता, उत्सुकता होती है यही यदि जिनशासन से जुड़ने की उत्सुकता-प्रसन्नता एवं आनंद होता तो अवश्य कर्म निर्जरा होती। जैन धर्म को आज के वर्तमान युग के नौजवान युवा पीढ़ी कुछ अलग दृष्टिकोण से, नजरिये से देख रही है। जैनधर्म यानि आहार पर कंट्रोल करना, मौज-मजा-मस्ती का त्याग करना आदि बातें युवा पीढी के दिमाग में चल रही है किंतु सच्चाई कुछ अलग ही है। पूज्यश्री ने फरमाया कि जैन शास्त्रों में बताए आहार 4 विधि का यदि बराबर पालन करें तो जीवन में कभी डॉक्टर-वैद्य-हकीम तो क्या प्रायः दवाओं की भी विशेष आवश्कयता नहीं होगी? जैन धर्म ही आनंदमय है। जितने उत्सव-महोत्सव जैन धर्म में मनाए जाते है उतने तो शायद ही कोई अन्य धर्म में मनाते होंगे। कोई तपस्या हो, गुरू भगवंतों का आगमन हो, उपाश्रयों का साधर्मिक केन्द्रों का-विद्यालयों का-हॉस्पिटलों का-भोजनालय का उद्घाटन आदि हो, किसी की दीक्षा-प्रतिष्ठा आदि हो तो इतने ठाठ-माठ से महोत्सवपूर्वक मनाते है। इतना मौज-आनंद-उल्लास-उमंग और कहीं देखने नहीं मिलता।

प्रभु द्वारा कथित सर्ववचन सर्वधा सच्चे है है ऐसी एक अटल श्रद्धा प्रत्येक जैन में होन चाहिए। प्रभु ने जो भी ताए वह अपनी केवल ज्ञान की दृष्टि से देखकर बताया है। केवल ज्ञान यानि जगत के ही नहीं, सृष्टि के ही नहीं, चौदह राजलोक के समस्त जीवों के विषय में अतीत-वर्तमान एवं भवि,्य का महा संपूर्ण ज्ञान। ऐसे सर्वज्ञ प्रभु के वचनों में शंका कैसे कर सकते है? मानव निर्मित कप्यूटर-मोबाइल आदि सभी प्रकार के यंत्रों पर विश्वास है तो एक बार प्रभु पर उनके वचनों पर उनके धर्म पर विश्वास तो रखो फिर कमाल देखो। प्रभु के इस धर्म में हमें एक स्थान मिला वहीं हमारी महान पुण्याई का प्रतीक है। सृष्टि का सबसे कीमती हीरा कहो या रत्न जो मिला है उसे परखो, उसकी कीमत उसका मूल्यांकन करने का प्रयत्न करो और अमूल्य मानव भव को अवश्य सफल बनायें।

# मुख्यमंत्री साय अचानक पहुंचे आरंग



समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** आगामी लोकसभा के चुनाव प्रचार में व्यस्त प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अपने प्रवास के दौरान अचानक आरंग पहुचेद्य लोकसभा चुनाव कार्यालय मे कार्यकर्ताओं से मिलकर चुनाव के लिए जोश भरा। सीएम विष्णु देव साय मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आरंग पहुंचे। इस दौरान लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुछ भेट कर सीएम का स्वागत किया। साय ने अपने गाड़ी से उतर कर भाजपा कार्यालय पहुँच कर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान अपने उद्बोधन में उन्होंने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए कहा कि अब समय कम बचा है। अपने प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने में जुट जाए। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना बंद नही होगा तथा मोदी सरकार के गारंटी के तहत सभी कार्य होंगे। इस अवसर पर उपस्थित विधायक गुरु खुशवंत ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। चुनाव कार्यालय पहुचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गयाद्य इस दौरान सभी मोर्चा के पदधिकारीगण एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# आदिवासी और अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों का विकास मोदी जी और भाजपा ने किया : विष्णुदेव साय

## भाजपा विकास करती है, ठगने का काम करती है कांग्रेस

## बिलासपुर से भाजपा का सांसद बनाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है

**समवेत शिखर न्यूज**





**रायपुर/मस्तूरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने आदिवासी एवं अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्रों के हितों की सदैव चिंता की है। भाजपा की सरकार में अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों का विकास तेजी से हुआ है। आज गिरौदपुरी में भव्य जैतखाम का निर्माण और वहां के विकास का काम हमारी भाजपा सरकार ने किया है। मस्तूरी क्षेत्र के सड़कों के विकास के लिए पूर्व की रमन सरकार ने 123 करोड़ रुपए स्वीकृत किये थे। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 34 करोड़ रुपए की स्वीकृति भाजपा सरकार ने ही दी थी। मतलब सड़क, पानी, बिजली की चिंता केवल भाजपा ही करती है। कांग्रेस केवल ठगने का काम करती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर के चिल्हाटी, मस्तूरी में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया।। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता अपनी निश्चित हार देखकर हताशा में हमारे प्रधानमंत्री पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, मोदी जी को लाठी से मारने की बात कहते हैं तो कवासी लखमा, मोदी जी को मर जाए कह रहे हैं। जो बहुत ही शर्मनाक है। ऐसे लोगों को जनता करारा जवाब देगी, जीरो पर आउट करेगी। मुख्यमंत्री ने जनता से भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू को भारी मतों से जिताकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

कांग्रेस और भूपेश बघेल को घेरते हुए श्री साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। कांग्रेस ने शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन, डीएमएफकी राशि सब में घोटाला किया। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। तभी तो छत्तीसगढ़ की जनता ने 2023 में कांग्रेस को सरकार से आउट कर दिया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने युवाओं को जुआ का लत लगा दिया। महादेव सट्टा एप निर्बाध रूप से चले इसके लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा, एफ्आईआर भी दर्ज हुआ। जो छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हुए घोटाले के आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। जेल में चक्की पीस रहे हैं। जमीन पर सो रहे हैं, मच्छर काटने से परेशान हैं। छः महीने से एक साल हो गए उनका जमानत नहीं हो रहा है। आज भी कई भ्रष्ट अधिकारी जेल गए हैं। ये सब उनके किये की सजा उनको मिल रही है। कांग्रेस को फ्रि से सबक सिखाना है। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस को जीरो में आउट करना है। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी। श्री साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफ्र किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफ्र कर दी है। हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि दे दी जाएगी, ये भरोसा मुख्यमंत्री ने महिलाओं को दिलाया। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत भी हो चुकी है, जिससे कि प्रदेश के रामभक्त अयोध्या में भांचा राम के दर्शन का लाभ पा रहे हैं। साथ ही उन्होंने मोदी की गारंटी में जो बचे वादे हैं उनको भी सांय-सांय पूरा करने की बात कही।

श्री साय ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है इसलिए जनता को अलग-अलग मुद्दों पर भरमा रही है, तरह-तरह के षड़यंत्र कर रही है। लेकिन मैं आप सभी को आश्वस्त करने आया हूँ कि हताश और निराश हो चुकी कांग्रेसियों के इस बहकावे में बिल्कुल मत आइये। जब तक छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है महतारी वंदन योजना भी बंद नहीं होगी। महिलाओं को निरंतर इसका लाभ मिलता रहेगा। हर महीने के पहले सप्ताह में राशि दे दी जाएगी।

जनसभा में लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू, विधायक धरमजीत सिंह, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बाँधी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, पूर्व महापौर किशोर राय, राजेश्वर भार्गव, विष्णु यादव सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# बृजमोहन को विजयी बनाने कार्यकर्ता कृत संकल्पित : शर्मा

**समवेत शिखर संवाददाता**



**भाटापारा।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अधिकृत भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का चुनाव प्रचार अभियान भाटापारा विधानसभा क्षेत्र मे पूरी तरह तेज गति से चल रहा है गांव के अधिकांश हिस्सों एवं शहर के तमाम वार्डो मे दीवार लेखन व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जीवंत जनसंपर्क मतदाताओं से करने के लिये पूरी तरह कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य कर रहे है। उक्त संबंध मे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव संचालन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने बताया कि बृजमोहन अग्रवाल का छात्र जीवन से हीं भाटापारा क्षेत्र से जीवंत संपर्क रहा है विधायक एवं मंत्री बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल लगातार यहां की समस्याओं का निदान करते रहे है एवं हर कार्यक्रम मे उनका आना जाना रहा है अधिकांश कार्यकर्ताओं से भी वे सहज रूप से मिलते हुये उनकी समस्याओं का निराकरण करते रहे है इसलिये इस बार भाटापारा क्षेत्र से बृजमोहन अग्रवाल को ऐतिहासिक एवं रिकार्ड तोड़ जीत दिलाने के लिये भाटापारा शहर ग्रामीण निपनिया एवं सिमगा मंडल के कार्यकर्ता पूरी एक जुटता से भिंड कर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिये कृत संकल्पित है शिवरतन शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलो मे बैठको का लगातार दौर चल रहा है कल हीं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने वर्तमान सांसद सुनील सोनी के साथ संगठन के पदाधिकारियों पंच सरपंचो जनपद प्रतिनिधियों सामाजिक संगठनो एवं पार्षद दल की बैठक लेकर कार्यकर्ताओ को पूरी तैयारी से चुनाव मे जुट जाने तथा मतदान केन्द्रो के पर्ची बांटने पर जोर दिया। उपरोक्त अवसर पर महाबल बघेल, सुनील यदू, श्रेणिक गोलछा, परस देवांगन, गोवर्धन डहरिया, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, सलीम खान, आयशा खान एवं आशीष जायसवाल सहित बडी संख्या मे अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बृजमोहन अग्रवाल शिवरतन के साथ आज ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव लड रहे भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल शनिवार 27 अप्रेल को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांव का दौरा करेंगे इस दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा उनके जनसंपर्क अभियान मे साथ रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मल्दी, टोनाटार, गोढी, टोपा, धुर्राबांधा, कोसमंदा, मोपका, करहीबाजार, बिटकुली, धनेली, निपनिया, कोदवा, सिंगारपुर, कड़ार व टेंहका सहित अन्य गांव का भी बृजमोहन अग्रवाल दौरा करेंगे। इस दौरान वे मतदाताओं से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू होकर उनकी समस्या को सुनेंगे साथ हीं आगामी लोकसभा चुनाव मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक और मौका देने तथा उनके हाथ मजबूती के लिये रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिये भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील करेंगे। उक्त जनसंपर्क अभियान मे आशीष जायसवाल, राकेश तिवारी, मनेन्द्र सिग गुम्बर, सुनील यदू, डब्ल्यू ठाकुर, धनीराम साहू व रोहित साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी रहेंगे।



# चुनाव ड्यूटी में लगे जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या





**समवेत शिखर संवाददाता**

**/छुरागरियाबंद।** अन्य राज्य से चुनाव ड्यूटी करने जवान के द्वारा चुनाव ड्यूटी में खुद को गोली मारकर की आत्महत्या कर लेने से हड़कंप हड़कंप मच गया।ज्ञात हो कि राज्य में दूसरे चरण के लिए 3 लोकसभा सीटों राजनांदगांव,महासमुंद और कांकेर के लिए मतदान जारी है।इसी बीच यहां छुरा ब्लाक के पिपरछेड़ी थाना के अंतर्गत ग्राम कूडेरादादर के पोलिंग बूथ में चुनाव ड्यूटी कर रहे जवान के द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है।जिससे विभाग सहित उस क्षेत्र में हड़कंप मच गया।घटना के विषय में थाना प्रभारी पिपरछेड़ी संतोष साहू से मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के लिंगवा राजपुर निवासी 45 वर्षीय शास्त्र पुलिस के प्रधान आरक्षक जवान जियालाल पवार कंपनी अपने चुनाव ड्यूटी में गरियाबंद जिले के ग्राम कूडेरादादार में आया हुआ था।कंपनी के कुछ जवान रिजर्व दल में कैंप पर आराम कर रहे थे,इसी में से एक जवान ने सुबह लगभग दस बजे अपने ही सर्विस रायफ्ल से चुनाव के बीच खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है।घटना की सूचना के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंच पंचनामा की कार्रवाई करते हुए मृतक जवान के शव को जिला अस्पताल लेकर आए जहा पोस्टमार्ट कर मृतक के शव को उसके गृह ग्राम भेजा गया।घटना का ठोस कारण का अब भी पता नहीं चला है.पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सिर्रीखुर्द में बारात जाने से पहले दूल्हा ने किया मतदान

**समवेत शिखर संवाददाता**




**फिंगेश्वर।** लोकतंत्र की महापर्व 26 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द मतदान केंद्र पर अनोखा दृश्य देखने को मिला निश्चित रूप से शिक्षक खोमन सिन्हा की लगातार मतदाता जागरूकता अभियान पर किए जा रहे नई-नई पहल से मतदान केंद्र पर एक अनोखा दृश्य देखने को मिला कि दूल्हा बारात जाने से पहले मतदान के लिए कतार पर खड़े नजर आए और साथ ही अपनी बारी पर मतदान करने के पश्चात अपनी दुल्हन लेने रवाना हुए लोकतंत्र की इस महापर्व में एक-एक वोट का महत्व होता है क्योंकि हमारा मतदान लोकतंत्र का जान है और जागरूक मतदाता होने से सत प्रतिशत मतदान होना संभावि हो जाता है और इस प्रकार विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को छोड़कर मतदान को महत्व देना अन्य मतदाताओं के लिए भी एक उदाहरण होता है जिसको ग्राम सिर्री खुर्द के दोनों दूल्हा मतदाता ने सिद्ध किया है।

# लखौली की शराब दुकानों में आबकारी के नाक के नीचे चल रहा है ओवररेट का धंधा

### मदिरा प्रेमी परेशान

**समवेत शिखर संवाददाता**

**आरंग।** शराब के महंगा होने से इसके शौकीनों को पहले से जेब ज्यादा ढीले करने पड़ रहे हैं, वहीं दुकानों के कर्मचारियों द्वारा शराब तय मूल्य से अधिक मे बेचने से क्षेत्र के मदिरा प्रेमी खासे नाराज हैं।

ग्राम लखौली में स्थित विदेशी और देशी शराब दुकान के कर्मचारी आबकारी विभाग के नाक के नीचे शराब के ओवररेट का धंधा चला रहे हैं। यहां शराब लेने वाले लोगों ने बताया कि सुबह 10 बजे दुकान खुलते ही वे शराब लेने पहुंचे, जिसके बाद सेल्समेन ने 130 रुपए के 1 पौवा गोवा के शीशी को 150 रुपए में बेच रहे थे। वैसे ही देशी शराब दुकान में 110 रुपए के मसाला को 140 रुपए में बेचा जा रहा था। लोगों ने बताया कि यहां बिल मांगे जाने पर बिल भी नही दिया जाता है, अंग्रेजी के बोतल को मनमाने कीमतों पर बेचा जा रहा है। इस तरह से कर्मचारी प्रति पौवा 30 रुपए और बोतल में कई सौ रुपए अवैध तरीके से वसूल रहे है। लोगों ने बताया कि ओवररेट के कारण कई बार गाली-गलौज और विवाद की स्थिति भी बन जाती है।शराब दुकान मे काम करने वाले कर्मचारी और आबकारी अधिकारी व कर्मचारी शासन को चूना लगाते हुए ओवर रेट की कमाई को आपस मे बांट लेते है, इससे इन्हे हजारों की कमाई होती है। यहां के शराब दुकानों में आए दिनों तय मूल्य से अधिक में शराब बेचने की शिकायतें आम हैं फ्रि विभाग कोई कार्रवाई नही करता। जबकि शराब दुकानों मे सी सी टीवी कैमरा लगाया गया है जिससे ये बात साफहो जाती है कि इस अवैध उगाही के धंधे में विभाग की मौन स्वीकृति है।



बहरहाल इस पूरे मामले पर आबकारी विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है ये देखने वाली बात है। ज्ञात हो की लोकसभा चुनाव के तहत आज महासमुंद में मतदान होने के कारण महासमुंद क्षेत्र अंतर्गत लगभग 5 किमी के दायरे में आरंग व गुल्लू के देशी-विदेशी शराब दुकान पिछले तीन दिनों से बंद है इस कारण लखौली व मंदिरहसौद शराब दुकानों में मदिरा प्रेमियों की भारी भीड उमड़ पडी और सेल्समेन इसका भरपूर फायदा ले रहे है।

# मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**समवेत शिखर संवाददाता**





**नवापारा राजिम।** ग्राम पिपरौद में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में वृहद चुनावी सभा को संबोधित किए। इस दौरान पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू सहित अन्य भाजपा के दिग्गज नेता मंच पर मौजूद रहे ।

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में आज 1 हजार से अधिक लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की । इनमें सतनामी समाज के 5 सौ से अधिक लोगों ने विधायक इंद्रकुमार साहू के नेतृत्व में, साहू समाज के 250 से अधिक पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने तहसील अध्यक्ष ब्रम्हानंद साहू के नेतृत्व में इसी प्रकार पटेल समाज के 250 से अधिक लोगों ने जिलाध्यक्ष ईश्वर पटेल के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुए । इनके अलावा कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रतिराम साहू, वरिष्ठ कांग्रेस व मजदूर नेता मेघनाथ साहू, नवापारा की पूर्व पालिका अध्यक्ष देहूती साहू, युवक कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश सचिव अभनपुर युवा कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रवीण कल्ला सहित 100 से अधिक कांग्रेसियों ने अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू एवं मोदी सरकार की रीति-नीति से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा । भाजपा प्रवेश करने वाले सभी लोगों का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवा गमछा पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई ।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ईवीएम पर एक बार फ्रि सवाल उठाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें जवाब दिया है ।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आज ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनों की विश्वसनीयता को लेकर दायर की गई तमाम याचिकाएं खारिज कर दी गई हैं । बावजूद इसके पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ट्वीट कर ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए गए हैं । इस पर चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए अभनपुर के ग्राम पिपरौद पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस विषय पर पत्रकार प्रवीण साहू द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि संभावित हार को देखते हुए भूपेश बघेल और उनकी पार्टी अभी से हार का ठीकरा फोड़ने के लिए बहाना ढूंढ रहे हैं । जब ये लोग चुनाव जीत जाते हैं, तब ईवीएम पर सवाल नहीं उठाते, लेकिन हारने पर यही लोग अपनी नाकामी छिपाने ठीकरा ईवीएम पर फोड़ देते हैं ।

## भोपाल में 92 साल की पेप कंवर ने वोट डाला



**भोपाल।** भोपाल में 85+ उम्र के बुजुर्ग वोटर या फ्रि ऐसे मतदाता, जो चलने-फ्रिने में असमर्थ हैं और पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते, उनके लिए शुक्रवार से 'वोट फ्रॉम होम' सुविधा शुरू की गई है। दो दिन तक बुजुर्ग और दिव्यांग घरों से वोट दे सकेंगे। पहले दिन, शुक्रवार को 90 रूट पर पोलिंग टीम मैदान में है। वोटिंग प्रोसेस की वीडियो ग्राफी भी कराई जा रही है। बैरसिया की ग्राम पंचायत गढ़ाकलां की 92 वर्षीय पेप कंवर ने भी घर से ही वोट डाला। वहीं, नरेला विधानसभा क्षेत्र में मतदाता बसंत पेंडसे ने भी सुविधा का लाभ लिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे ने बताया कि भोपाल में वोट फ्रॉम होम सुविधा दो दिन तक रहेगी। पहले दिन 90 रूट पर वोटिंग की सुविधा दी गई है। एक रूट पर 10-20 तक वोटर हैं। शनिवार को 30 रूट पर टीमें जाएंगी।

# सड़क हादसा : 3 युवकों की मौत

## बाइक ने चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से मारी टक्कर; शादी से लौट रहे थे तीनों

**समवेत शिखर संवाददाता**

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में बाइक ने चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। ये तीनों दंतेवाड़ा के रहने वाले थे, जो अपने किसी परिचित के घर शादी में शामिल होने के लिए जगदलपुर आए हुए थे। तीनों घर लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गए। मामला जिले के परपा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों में मोहम्मद राशिद (40), मोहम्मद आरिफ (40), मोहम्मद रफीक (40) शामिल हैं। तीनों गुरुवार की शाम करीब 6 बजे बाइक से जगदलपुर आए थे। तीनों शादी में शामिल हुए, फ्रि देर रात बाइक से घर लौट रहे थे। इस बीच तीनों परपा थाना क्षेत्र के आरापुर तालाब के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार में बाइक सामने चल रहे ट्रैक्टर के पीछे जा घुसी।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि बाइक की रफ्तार काफी अधिक थी। टक्कर के बाद तीनों बाइक सवार दूर तक फेंका गए। सिर पर गंभीर चोट आने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी फौरन पुलिस को दी। जिसके बाद तीनों के शवों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया।

हादसे की जानकारी मिलते ही तीनों मृतकों के परिजन भी रात में ही अस्पताल पहुंच गए थे। शुक्रवार को तीनों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कोरबा में बोलेरो-मोपेड के बीच टक्कर, 2 की मौत

**कोरबा।** कोरबा के कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाइवे में गायमाड़ा के समीप तेज रफ्तार बोलेरो और मोपेड के बीच टक्कर हो गई। हादसे में मोपेड सवार भांजे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मामा ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मामा-भांजा मोरगा साप्ताहिक बाजार से घर लौट रहे थे। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर ली है। जानकारी के मुताबिक, मामा श्याम कुमार धनुहार (32 साल) गुरुवार की दोपहर अपने भांजे कोटलाल उर्फ भोला धनुहार (22 साल) के साथ कोरबा जिले के सरहदी गांव मोरगा के साप्ताहिक बाजार आया हुआ था। मामा-भांजा साप्ताहिक बाजार से सामान की खरीदी कर टीवीएस एक्सएल मोपेड क्रमांक सीजी 29एसी 3111 में सवार होकर शाम करीब 4 बजे घर लौट रहे थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## ►► न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर में पुलिस को देख भाग गए मवेशी तस्कर, ड्राइवर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर में मवेशियों को मेटाडोर में भरकर बूचड़खाने लेकर जा रहे ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इधर पुलिस को देखकर मेटाडोर में सवार 2 तस्कर कूदकर भाग गए। पुलिस ने वाहन में भरे 20 मवेशियों को रेस्क्यू कर लिया है। पुलिस फरार तस्करों की तलाश में जुट गई है। मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी हरीश तांडेकर ने बताया कि गुरुवार को पुलिस को खबर मिली कि कुछ लोग मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मेटाडोर में भरकर बूचड़खाने लेकर जा रहे हैं। खबर मिलते ही पुलिस गांव पहुंच गई, लेकिन तब तक तस्कर 20 मवेशियों को गाड़ी में भरकर आगे निकल गए थे। जिसके बाद कुछ दूर तक पुलिस ने मेडोटोर का पीछा किया और ओवरटेक कर उसे रोक लिया। इस दौरान पुलिस ने मेटाडोर को रोकने की कोशिश की। इस बीच ड्राइवर की बगल की सीट पर सवार दो तस्कर कूदकर भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा भी किया, लेकिन तस्कर उन्हें चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए।

### जीपीएम में इंदिरा उद्यान लाया गया सफेद भालू का शावक, बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रतिबंध



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** मरवाही के जंगलों में गुरुवार को मिले सफेद भालू के शावक को पेंड्रा के इंदिरा उद्यान लाया गया है। डीएफओ ने बताया कि शावक की मां का पता करने के लिए जंगल में 8 जगह ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। शावक भालू की मां महोरा और बगड़ी गांव के जंगलों में मौजूद होने की संभावना हैं। कैमरे की मदद से मां का पता लगाने के बाद शावक को उसकी मां के पास जंगल में छोड़ दिया जाएगा। दरअसल, मरवाही वनमण्डल के महोरा गांव के जंगल में गुरुवार 25 अप्रैल को बदहवाश अवस्था में एक सफेद भालू का शावक मिला था। जिसे प्राथमिक उपचार और भोजन-पानी इत्यादि देने के बाद वन विभाग के द्वारा वापस जंगल में भेजने का प्रयास किया गया। पर भालू का यह शावक जंगल की ओर नहीं गया और वहां आसपास मौजूद इसकी मां भी वन विभाग को नहीं दिखाई दी। डीएफओ रौनक गोयल ने जानकारी देते हुए बतलाया कि रायपुर से आई विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम इसका उपचार और निगरानी कर रही है। इंदिरा उद्यान में भालू के शावक को रखे जाने के कारण पेंड्रा के इंदिरा उद्यान में किसी भी प्रकार के बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही के लिए पूरी तरीके से प्रतिबंध लगा दिया गया है। चारों तरफ से उद्यान में प्रवेश के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। वाइल्ड लाइफ बोर्ड के मेंबर मंसूर खान ने बताया कि उनके अधिकारियों से बात हुई है और भालू फिलहाल स्वस्थ अवस्था में है।

# सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों पर 9 लाख का जुर्माना



### 13 साल बाद रीडिंग बढ़ाकर भेजा डेढ़ लाख का बिल, कनेक्शन भी काट दिया था

समवेत शिखर संवाददाता

**सरगुजा।** आपसी रंजिश में मीटर रीडिंग बढ़ाकर बिल भेजने और कनेक्शन काटने के मामले में स्थायी लोक अदालत सरगुजा ने सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों को 9 लाख रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने बिल भुगतान के 13 साल बाद फिर से अतिरिक्त 23 हजार 973 यूनिट का डेढ़ लाख बिजली बिल भेज दिया था। एक किश्त जमा करने के बाद भी बिजली कनेक्शन काट दिया था।

जानकारी के मुताबिक, गोधनपुर निवासी जितेंद्र यादव (35) के घर पर 21 मार्च 2001 को बिजली कनेक्शन लगाया था। 21 मार्च 2001 से 31 दिसंबर 2013 तक उसके घर के मीटर की कुल रीडिंग 14 हजार 375 यूनिट हुआ था। जिसका संपूर्ण बिल भुगतान जितेंद्र यादव द्वारा दिसंबर 2013 तक कर दिया गया था। इस बीच पांच मार्च 2014 को उनके पास बिजली का बिल आया तो उसमें 13 साल बाद कुल रीडिंग 14 हजार 375 से बढ़ाकर 38,557 यूनिट कर दिया गया। 13 साल बाद पूर्व के भुगतान किए गए बिल में विद्युत विभाग की ओर से 23,973 यूनिट की बेतहाशा वृद्धि कर दी गई। इसमें अतिरिक्त रीडिंग का 1 लाख 52 हजार 818 रुपए बिल भेज दिया गया। जितेंद्र यादव ने रीडिंग सुधार के लिए 20 मार्च 2014 को आवेदन दिया तो पुनरक्षित बिल 25 मार्च को घटाकर 1 लाख 14 हजार 730 रुपए कर दिया गया। युवक द्वारा पुनरक्षित बिल में से 37 हजार 913 रुपए का भुगतान भी किया गया था। इसके बाद 11 अगस्त 2015 को युवक के घर का कनेक्शन काट दिया गया था। युवक ने सहायक अभियंता विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित को आवेदन देकर मीटर हटाने का आग्रह किया था।

आवेदक जितेंद्र यादव के द्वारा पुनः नए कनेक्शन के लिए आवेदन दिया गया तो उसके घर में कनेक्शन नहीं दिया जा रहा था। ऐसे में युवक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम में आवेदन दिया गया और उपभोक्ता फोरम से भी 1 लाख 597 रुपए सरचार्ज न लगाते हुए मासिक किश्त की सुविधा के साथ भुगतान करने का आदेश दिया था।

न्यायालय ने मानसिक क्षतिपूर्ति 5 हजार रुपए व वाद व्यय 1500 रुपए बिल से घटाने को कहा था, लेकिन निर्णय के बाद भी विभाग की ओर से कोई सुविधा युवक को नहीं दी गई। युवक द्वारा मार्च 2019, जुलाई 2021 और नवंबर 2022 को दोबारा कंपनी को आवेदन कर न्यायालय का आदेश पालन करने का आग्रह किया गया, लेकिन जब उन्होंने न्यायालय का आदेश नहीं माना तो युवक द्वारा स्थायी लोक अदालत में आवेदन दिया था। मामले में कोर्ट की ओर से कंपनी को नोटिस जारी कर सुनवाई की जा रही थी। इस दौरान विद्युत विभाग की ओर से भी पक्ष रखा गया। सुनवाई के बाद आज स्थायी लोक अदालत जन उपयोगी सेवाएं अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता ने सीएसपीडीसीएल के सहायक अभियंता गांधीनगर व मुख्य अभियंता के खिलाफ अपना फैसला दिया है।

# जशपुर के महुआडीह में रोका गया बाल विवाह



**जशपुर।** जशपुर जिले में महिला और बाल विकास विभाग ने बाल विवाह को रोका है। बालिका की शादी 29 अप्रैल को होने वाली थी। सूचना पर 24 अप्रैल को मौके पर पहुंची संयुक्त टास्क फोर्स ने बाल विवाह को रोकते हुए परिजनों को समझाइश दी। बालिका के माता-पिता का कहना था कि उन्हें शादी के लिए बने कानून की जानकारी नहीं थी, इसलिए शादी करवा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, बगीचा विकासखण्ड के ग्राम महुआडीह में एक बालिका की शादी 29 अप्रैल के दिन तय की गई थी। टीम ने बालिका के सर्टिफिकेट की जांच की। इसके अनुसार जन्म तिथि 13 अप्रैल 2007 पाई गई, जिसके आधार पर बालिका का उम्र 17 साल 11 दिन होना पाया गया। बालिका के माता-पिता ने कानूनी अज्ञानता के कारण शादी करने की बात कही। जिला बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर यादव ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। बाल विवाह से बच्चों के सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह रोक-थाम के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है, जिसमें लड़के की आयु 21 साल और लड़की की आयु 18 साल निर्धारित की गयी है। अधिनियम के तहत बाल विवाह करने वाले वर और वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक की विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्रवाई किया जाना प्रावधानित है।

# कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का कमिश्नर और आईजी ने किया निरीक्षण



समवेत शिखर संवाददाता

**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का कमिश्नर श्याम धावड़े और आईजी सुंदरराज पी. ने निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के केशकाल विधानसभा के युवा मतदान केंद्र जैतपुरी, आदर्श संगवारी मतदान केंद्र गुलबापारा, चिखलाडीही मतदान केंद्र और खालेमुरवेंड मतदान केंद्र का निरीक्षण किए। उन्होंने युवा और आदर्श मतदान केंद्रों को बस्तर की संस्कृति के थीम पर सजावट करने के लिए सराहना की। साथ ही मतदान केंद्रों में मतदान दलों से मतदान प्रतिशत का संज्ञान लेकर मतदाताओं की आवश्यक सुविधा एवं अन्य व्यवस्था का भी निरीक्षण किए।

इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, कमिश्नर के निज सहायक हरेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कोरबा में नहर में तैरती मिली बुजुर्ग की लाश, जिंदा समझकर निकाला बाहर, शरीर पर मिले चोट के निशान

समवेत शिखर संवाददाता



**कोरबा।** जिले के नहर में एक बुजुर्ग की लाश बहती हुई देखी गई। नहर में नहा रहे लोगों की नजर पड़ी और किसी तरह उस लाश को बाहर निकाला। इस घटना के बाद बस्ती के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बुजुर्ग की उम्र 60 से 65 साल होने का अदांजा लगाया जा रहा है।

दरअसल, पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामढ़ी कुम्हार मोहल्ले का है। नहर से लगे बस्ती में सुबह 9 बजे लगभग एक तैरती हुई लाश बहते हुए देखी गई। नहर में नहा रहे कुछ लोगों ने उसे बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन पानी के तेज बहाव के चलते वह काफी आगे बह गया। काफी मशक्कत के बाद कुछ लोगों के द्वारा शव को नहर से बाहर निकाला गया। लोगों की मानें तो नहर में बह रहे बुजुर्ग को जिंदा समझकर निकालने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन बाहर निकालते तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि लाश राताखार की तरफ से बहते हुए आ रहा था, जहां कई लोगों की उसपर नजर पड़ी लेकिन किसी ने उसे बाहर निकलने का प्रयास नहीं किया। बाद में सीतामढ़ी कुम्हार मोहल्ले के पास नहा रहे लोगों ने उसे बाहर निकाल कर इसकी सूचना पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बुजुर्ग के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी मिले हैं। बुजुर्ग की पहचान नहीं हो सकी है। बुजुर्ग की पहचान के लिए शहर के आसपास थाना चौकी क्षेत्र में जानकारी दे दी गई है, वहीं आसपास बस्तियों में मुनादी कराई जा रही है।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए युवराज सिंह को बनाया गया ब्रांड एम्बेसडर



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल और धावक उसेन बोल्ट के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेट युवराज सिंह को एंबेसडर बनाया है। मेगा इवेंट का आगाज 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की सयुंक्त मेजबानी में होने जा रहा है।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के एंबेसडर बने युवराज सिंह का कहना है कि इस टूर्नामेंट से उनकी काफी यादें जुड़ी हुई हैं। इसी टूर्नामेंट में भारतीय दिग्गज ने एक ओवर में 6 छक्के जड़े थे। युवराज ने आईसीसी से कहा कि, टी20 वर्ल्ड कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे प्यारी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं। जिसमें एक ओवर में 6 छक्के लगाना भी शामिल है, इसलिए इस सीजन का हिस्सा बनना रोमाचंक है, जो अब तक का सबसे बड़ा सीनज होने वाला है। साथ ही उन्होंने कहा कि, वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां फैंस इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है। जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं टी20 वर्ल्ड कप के माध्यम से उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

# जीत की लय को कायम रखने के लिए लखनऊ से भिड़ेगी आरसीबी

**नई दिल्ली।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैम्पियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिये टेढी खीर होगा।



दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ एकमात्र हार के अलावा रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में जीत के लिये 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने 60 गेंद में नाबाद 104 रन बनाये थे जिसकी बदौलत टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की। जायसवाल और जोस बटलर मिलकर शीर्षक्रम पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। रोवमैन पॉवेल और ध्रुव जुरेल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी में रॉयल्स के पास ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और संदीप शर्मा जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन का जिम्मा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन के पास है हालांकि अश्विन इस सत्र में फॉर्म के लिये जूझते दिखे हैं। चहल ने आठ मैचों में 13 विकेट लिये हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी। लगातार दो जीत के बाद केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है और इस मैच में जीतकर प्लेआफ का उसका दावा मुख्ता हो सकता है।

### टीवी कलाकारों ने बॉलीवुड सितारों के साथ बड़े पर्दे पर बिखेरी चमक!

**मुंबई।** टेलीविजन सितारे अपने अनूठे अंदाज में विभिन्न किरदारों को पर्दे पर साकार कर दर्शकों का ढेर सारा प्यार एवं तारीफें बटोरते हैं। एक ओर, जहां दर्शक अपने पसंदीदा एक्टर्स को देखने के लिये बेताब रहते हैं, वहीं दूसरी ओर टीवी कलाकार भी अपने प्रशंसकों को खुद से जोड़ने के लिये हर संभव प्रयास करते हैं।



हाल ही में एण्डटीवी के कलाकारों-नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), आसिफ शेख ('भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा) और योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह) ने बॉलीवुड के नामचीन सितारों के साथ फिल्मों की शूटिंग की। अजय देवगन और तब्बू अभिनीत फिल्म 'दृश्यम 2' में अपनी भूमिका के बारे में बताते हुये नेहा जोशी ने कहा, ''जिसे आप बड़े पर्दे पर देखते रहे हैं और पसंद करते हैं, उनके साथ आखिर कौन स्क्रीन शेयर करना नहीं चाहेगा? मैं तब्बू और दृश्यम की हमेशा से ही बहुत बड़ी फैन रही हूं। जब इसके सीक्वेल में भूमिका निभाने का मुझे ऑफर दिया गया, तो मैंने तुरंत हाँ कह दिया। 'दृश्यम 2' में एक अंडरकवर कॉप का किरदार निभाना एक संतोषदायक अनुभव था और जब दर्शकों से इस किरदार के लिये मुझे तारीफें मिलीं, तो लगा जैसे मैंने एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। मुझे याद है कि जब तब्बू मैम मेरे पास आईं थी, तो उन्होंने मुझे गले लगा लिया था और मेरी बहुत तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि मेरे साथ काम करके उन्हें बहुत अच्छा लगा और उनकी यह बात सुनकर मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। चूंकि, मैं तब्बू की बहुत बड़ी फैन हूं, उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिये किसी सपने के सच होने जैसा था। मुझे यह जानकर बहुत अच्छा लगा कि मेरे प्रशंसकों को फिल्म देखकर बहुत मजा आया। मुझे उम्मीद है कि अपने टेलीविजन दर्शकों का मनोरंजन करते हुये मैं ऐसे ही कई और प्रोजेक्ट्स पर काम करती रहूंगी।

### अंगूरी और अनीता का टूटा रोमांस का सपना!

**मुंबई।** एण्डटीवी के कल्ट क्लासिक कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' ने अपनी बेजोड़ और हंसाने वाली कहानियों से हमेशा ही अपने दर्शकों को आश्चर्यचकित किया है। शो द्वारा हर हफ्ते अद्भुत कहानियां दिखाई जाती हैं, जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करती हैं और वे अगले एपिसोड का बेसब्री से इंतजार करते हैं।



शो की नई कहानी हमारी प्यारी भाबी अंगूरी (शुभांगी अत्रे) और अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) के बारे में हैं, जो मां बनने की कोशिश कर रही हैं। यह कहानी दर्शकों को बांधकर रखेगी और हास्य से भरपूर पल देगी। विदिशा श्रीवास्तव ऊर्फ अनीता भाबी ने आगामी कहानी के बारे में बताते हुये कहा, ''अंगूरी (शुभांगी अत्रे) और अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) प्रेगनेंसी की योजना बना रही हैं, लेकिन कई ऐसे ट्विस्ट हैं, जो उनकी योजनाओं पर पानी फेरते नजर आयेंगे। नशे की हालत में, विभूति (आसिफ शेख) दोस्ती की सौगंध खाता है कि वह प्रेम (विश्वनाथ सोनी) की मदद करने के लिये हमेशा उपलब्ध रहेगा। इस बीच, अम्मा जी (सोमा राठौड़) अंगूरी एवं अनीता को सलाह देती है कि मां बनने का यह सही समय है और वादा करती है कि जब तक अंगूरी प्रेगनेंट नहीं हो जाती, वह उसके साथ रहेंगी।

# ड्यूरोप्लाई ने शुभारंभ किट और डीलर सर्टिफिकेट्स से देश के 1,050 से अधिक प्रतिष्ठित डीलरों का सम्मान किया

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे अनुभवी और प्रमुख प्लाईवुड कंपनियों में से एक, ड्यूरोप्लाई ने नये साल में अच्छी शुरूआत और तरक्की के प्रतीक 'शुभारंभ' वेलकम किट के साथ अपने डीलरों का स्वागत किया है। ड्यूरोप्लाई ने देश के 1,050 से ज्यादा प्रतिष्ठित डीलरों का सम्मान शुभारंभ किट और डीलर सर्टिफिकेट्स से किया है। शुभारंभ किट में पवित्र राम मंदिर की प्रतिकृति, रामचरित मानस और चरण पादुका थी।



ड्यूरोप्लाई के प्रबंध निदेशक एवं मुख?य कार्यकारी अधिकारी श्री अखिलेश चितलांगिया ने कहा, ''भगवान राम का जीवन सत्यनिष्ठा, कर्मठता और समानुभूति जैसे मूल्यों का उदाहरण देता है। उसी तरह ड्यूरोप्लाई में हम भी भगवान राम की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हैं और अपने प्रिय ग्राहकों को प्रीमियम प्लाईवुड देने का प्रयास करते हैं। अपनी उत्पादन प्रक्रिया में हम सत्यनिष्ठा को अपनाते हैं और कर्मचारियों, ग्राहकों तथा पर्यावरण के लिये समानुभूति दिखाते हैं। हमारे प्लाईवुड, ब्लॉकबोर्ड, डोर और लैमिनेट्स की श्रृंखला में मजबूती है, जो सुनिश्चित करती है कि हमारे प्रिय ग्राहकों के घरों की आंतरिक-सज्जा पीढ़ियों तक चलती रहे। उन्होंने आगे कहा, ''ड्यूरोप्लाई में हम हर दिन भगवान राम के कालजयी गुणों और धर्म के मार्ग पर चलने के लिये प्रतिबद्ध रहने का प्रयास करते हैं। इसीलिए हमने शुभारंभ किट की सामग्री को भगवान राम की शिक्षाओं और जीवन यात्रा के लिये अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के तौर पर चुना है। ड्यूरोप्लाई के प्रतिष्ठित डीलर भगवान राम के कालजयी मूल्यों और सद्गुणों को साझा करते हैं। इसीलिएउन्हें अपने 2024-25 डीलर सर्टिफिकेट्स के साथ शुभारंभ किट पाने की खुशी हुई। पवित्र राम मंदिर की प्रतिकृति, रामचरित मानस और चरण पादुका में परंपरा के लिये ड्यूरोप्लाई की श्रद्धा साफतौर पर नजर आती है। कंपनी धर्म और सत्यनिष्ठा जैसे मूल्यों को बनाये रखने के लिये समर्पित है। जिस तरह भगवान राम की शिक्षाएं सत्यनिष्ठा और कर्मठता पर जोर देती हैं।

# वेदांतु के छात्रों ने एक बार फिर से जेईई मेन 2024 में हासिल की शानदार सफलता

### प्रणवानंद साजी एआईआर 31 के साथ बने ओवरसीज़ टॉपर

**नई दिल्ली।** जेईई ट्यूशन में अग्रणी वेदांतु ने बताया कि इसके 1698 छात्रजेईई अडवान्स्ड में क्वालिफाय हुए हैं। शिक्षा जगत के इस दिग्गज नेजानकारी दी है कि उनके 210 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर और641 छात्रों ने 97 परसेंटाइल से अधिक स्कोर हासिल किया है। वेदांतु के टॉप छात्रों में से एक प्रणवानंद ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 31 केसाथ जेईई मेन में ओवरसीज़ टॉपर रहे हैं। इसके अलावा वेदांतु के तीन छात्रटॉप 500 में रहे और 6 वेदांतु छात्रों ने टॉप 1000 में एआईआर हासिल कियाहै। वेदांतु के 27 अन्य छात्रों ने एक या अधिक विषयों में 100 पर सेंटाईल स्कोर हासिल किया है। बैंगलोर में स्थित वेदांतु के लर्निंग सेंटर ने शानदार परिणामों के साथउल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसकी स्थापना पिछले साल ही कीगई थी। सेंटर के 80 फीसदी छात्र इस साल जेईई अडवान्स्ड में क्वालिफायहुए हैं। इस सफलता का श्रेय वेदांतु के लर्निंग के पर्सनलाइज़्ड तरीकों कोदिया जा सकता है। तकरीबन एक दशक से तकनीकी इनोवेशन्स के साथ वेदांतु सुनिश्चित करताहै कि इनके फिज़िकल क्लासरूम और आधुनिक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म्स परछात्रों को लर्निंग का उत्कृष्ट अनुभव मिले। मास्टर टीचर्स, डाउट एक्सपर्टऔर एकेडमिक मेंटर हर छात्र पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हैं और उन्हेंकस्टमाइज़्ड तरीकों से पढ़ाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### समाज से बेदखली का दंश झेल रहे युवक ने लगाई फांसी

**रायगढ़।** प्रेम प्रसंग में दूसरे समाज की युवती को दुल्हन बनाकर घर लाने पर समाज से बेदखली का दंश तथा पारिवारिक तनाव में आकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना जूटमिल थाना क्षेत्र मिट्ठूमुड़ा की हैं। जानकारी के मुताबिक लखन यादव पिता रामभरोस यादव उम्र 23 वर्ष मिट्ठूमुड़ा दुर्गा चौक का रहने वाला है। दो साल पहले मृतक ने दूसरे समाज की युवती से प्रेम प्रसंग कर वैवाहिक बंधन में बंधा था। इससे नाराज परिजनों से लेकर समाज के मठाधीशों ने बैठक के सामाजिक बहिष्कार कर दिए, इसके अलावा स्वजनो ने भी समाज का साथ देते हुए उसे घर से अलग कर दिए। जिसके चलते वह अपनी पत्नी के साथ किराए के मकान में रह रहा था।बताया जा रहा है कि इसके चलते वह तनाव में रहता था। साथ ही यही वजह परिवार में अनबन भी उतपन्न कर रहा था। ऐसे में वह घर मे मौका पाकर फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

### सामान्य प्रेक्षक पगारे ने स्ट्रांगरूम सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**कोरिया।** आज सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे ने बैकुंठपुर के रामानुज स्कूल में बनाए गए स्ट्रांगरूम व विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के सभी कक्ष में जाकर बारीकियों से जानकारी प्राप्त की। सीसीटीवी कैमरा लगाने के बात कही, कलेक्टर लंगेह आश्वस्त करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरा 24 घण्टे चालू रहते हैं। सभी तरफयह व्यवस्था की जाती है। मतगणना के दिन तीन लेयर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। मतदान दलों के रवानगी के बारे में कलेक्टर ने पूरी व्यवस्था से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम अंकित सोम, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम उपस्थित थे।

# दो ट्रांसफार्मर में लगी आग, 3 बाइक और एक मकान भी जला

समवेत शिखर संवाददाता



**रायगढ़।** जिला मुख्यालय में गुरुवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई, जब सड़क किनारे लगे एक साथ लगे दो ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से ट्रांसफार्मर के नीचे खड़ी तीन मोटर साइकिल के अलावा पास के घर में भी आग लग गई। घटना की जानकारी के बाद फायर बिग्रेड को घटना से अवगत कराया गया, जिसके मौके पर पहुंचने के बाद कई घंटों बाद आग बुझाई जा सकी।

जानकारी के अनुसार, गुरूवार की सुबह शहर के हटरी चौक के पास सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। देखते ही देखते इस आग ने भयावह रूप धारण कर लिया और फिर ट्रांसफार्मर के नीचे खड़ी तीन मोटरसाइकिल इसकी चपेट में पूरी तरह जलकर खाक हो गई। अचानक लगी इस आग से क्षेत्र के लोगों में भय व दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी तत्काल फायर बिग्रेड के अलावा विद्युत विभाग के अधिकारियो को दी। लोगों ने बताया कि फायर बिग्रेड की टीम को सूचना देने के बाद करीब आधे घंटे बाद वह मौके पर पहुंची, तब तक आग भयंकर रूप अख्तियार कर चुकी थी, जिसकी लपटें करीब 20 फीट तक पहुंच चुकी थी। साथ ही साथ आग ने ट्रांसफार्मर के पास में स्थित एक मकान के सामने के हिस्से को भी अपनी चपेट में ले लिया था। फायर बिग्रेड की टीम ने करीब एक घंटे के मशक्कत के बाद आग बुझाई, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। आगजनी की घटना के बाद इस मार्ग में वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया था, जिससे शहर में जाम की स्थिति से लोगों को जूझना पड़ा। आगजनी की घटना के बाद हटरी चौक के नाराज व्यापारियों ने मौके पर पहुंचे रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी से कहा कि यहां चौक में पहले से ही ट्रैफिक व्यवस्था ट्रांसफार्मर के चलते प्रभावित होती है और घर व दुकान के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से फिर बड़ी घटना हो सकती है, इसलिए यहां लगे ट्रांसफार्मर को अन्यत्र लगाये जाने की मांग की गई। व्यापारियों की बात सुनने के बाद ओपी चौधरी ने कहा कि वे हर संभव व्यापारियों की मदद करेंगे। साथ ही साथ विद्युत विभाग से चर्चा करने के बाद वैकल्पिक जगह खोजकर ट्रांसफार्मर को शिफ्टिंग कराने का भी प्रयास करेंगे।

## लिफ्ट लेना युवक को पड़ा भारी, ट्रेलर के पलटने से मौत

समवेत शिखर संवाददाता

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत फिर से एक दर्दनाक हादसा हुआ है। एक तेज रफ़्तार ट्रेलर वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया और पलट गया। इस हादसे में वाहन सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। चालक को चोटें आई हैं।

वाहन के परखच्चे उड़ गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रेलर वाहन घरघोड़ा से आ रहा था। इस दौरान बोजिया गांव के पास वाहन बेकाबू हो गई। बोजिया धूवापहरी मार्ग में एक पेड़ से जा टकराया । टक्कर इतना भयानक था कि ट्रेलर वाहन दो हिस्सों में बंट गया। घटना में कोरबा जिले के पसान थाना क्षेत्र के निवासी आशीष खलखो पिता भंडारी खलखो निवासी चंदरौटी थाना पसान की मौत हो गई। वह घरघोड़ा से ट्रेलर वाहन में लिफ्ट लेकर आ रहा था। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आवश्यक कार्रवाई करते हुए आगे की जांच में जुटी है।

## मुख्यमंत्री का आज से जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र में दौरा

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनसभा 27 ,28 व 30 को जांजगीर चांपा लोकसभा के तीन अलग अलग विधानसभा मे जनसभा होगी जहाँ वे क्रमशः27 को कसडोल विधानसभा के लवन मे 28 को अकलतरा विधानसभा के ग्राम पहरिया मे एवं 30 को पामगढ़ विधानसभा के शिवरीनारायण मे विशाल जनसभा को संबोधित कर प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के पक्ष मे प्रचार करेंगे उनके आगमन को लेकर क्षेत्र के आमजन व कार्यकर्ताओ मे उत्साह का माहौल है मुख्यमंत्री श्री साय अपने सहज सरल अंदाज से प्रदेश की जनता के बीच मे जाकर भाजपा के सभी ग्यारह लोकसभा प्रत्याशी के लिए भाजपा के कमल



निशान पर बटन विजयी बनाने की अपील आमजनता से कर रहे है क्योकि तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बनाना है ताकि देश विकसित भारत बन सके विष्णुदेव साय के कार्यक्रम को लेकर पार्टी के नेताओ ने जनसभा के लिए उच्च स्तरीय तैयारी शुरू कर सभी प्रभारियो को अलग अलग जवाबदारी दे दी है मुख्यमंत्री जी के साथ मे अन्य अतिथि के रूप मे उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा अरूण साव ओपी चौधरी टंकराम वर्मा खुशवंत साहेब गौरीशंकर अग्रवाल नारायण चंदेल सासंद गुहाराम अजगले कृष्णकांत चन्द्रा खिलावन साहु दिनेश जांगीड कमला पाटले गुलाब चंदेल सुभाष जालान सनम जांगडे धनीराम धीवर सौरभ सिंह संयोगिता जुदेव लीलाधर सुलतानीया प्रशान्त सिंह ठाकुर सहित हजारो कार्यकर्ताओ व आमजनता की उपस्थिति मे कार्यक्रम होगा

# कैप्सूल वाहन की टक्कर से वैन के उड़े परखच्चे, बेटे की मौत, पिता गंभीर

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** जिले के अमलीडीह और भेड़ीकोना के बीच पुल के ऊपर कैप्सूल वाहन ने ओमनी वैन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। ओमनी वैन में पिता-पुत्र सवार थे जोकि रामनवमी मेले में जूस बेचकर घर जा रहे थे। वहीं, हादसे में बेटे की मौत हुई है। पिता गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसे बिलासपुर रेफर किया गया है। मृतक युवक के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की लेकर पुल के ऊपर शव को रखकर चक्का जाम किया ही। मौके पर पुलिस बल तैनात है और परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया।जानकारी के मुताबिक, ग्राम लालीमाटी का रहने वाला सुरेश कुमार खुटे अपने पुत्र रूपेंद्र खूटे के साथ ओमनी वैन में बैठकर डभरा में चल रहे रामनवमी मेले में जूस बेचने आया हुआ था। जिसके बाद वह बुधवार की रात्रि अपने बेटे रूपेंद्र को लेकर घर जाने किए निकला। इस दौरान रात्रि करीबन 2 बजे पिता पुत्र दोनो अमाकोनी और



भेड़ीकोना पुल के पास पहुंचे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन के चालक ने ओमनी वेन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ओमनी वेन की परखच्चे उड़ गए।वैन के अंदर बैठे बैठे पिता-पुत्र को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां रूपेंद्र खूटे को जांच उपरांत डॉकटर ने मृतक घोषित किया। वहीं, पिता सुरेश कुमार खुटे की हालत गंभीर होने पर बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना के कैप्सूल वाहन पुल के नीचे नदी में जा गिरा है।

# लोगों ने बाइक रैली में हिस्सा लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

### 500 से ज्यादा लोगों ने रैली के जरिए दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

समवेत शिखर संवाददाता

**बिलासपुर।** स्वीप अभियान के तहत शहर में 5 सौ से ज्यादा लोगों ने बाईक रैली में हिस्सा लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने स्वयं बाईक चलाकर रैली की अगुवाई की। एसईसीएल द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से इसका आयोजन किया गया। रैली में महिलाओं ने भी उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एसईसीएल कार्यालय से रैली शुरू होकर शहर के



प्रमुख मार्गो से होते हुए पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त हुई। रैली के दौरान बाईकर्स का जोश और उत्साह देखते बन रहा था। शत-प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान के नारे से समूचा शहर गूंज उठा।

बाईक रैली को एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने लोकसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत उपयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, वनमंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, एसईसीएल के निदेशक कार्मिक बीरंची दास, डीटीओ एस. एन. कापरी, सीवीओ जयंत कुमार खमारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बाईक रैली में भाग लेने आए 500 से ज्यादा बाइकर्स मौजूद थे।

# बेहोश मिला सफेद भालू शावक, ग्रामीणों ने पिलाया पानी

समवेत शिखर संवाददाता

**पेंड्रा।** मरवाही वनमंडल में गुरुवार सुबह बीमार अवस्था में सफेद भालू शावक मिला। अचेत अवस्था में पड़े भालू को ग्रामीणों ने किसी तरह पानी पिलाया, जिसके बाद इसकी सूचना वनविभाग के आला अधिकारियों को दी गई। इसके बाद वन विभाग के डीएफओ ने कर्मचारियों के साथ पहुंचकर भालू का उपचार करवाया। मिली जानकारी के अनुसार, मरवाही वनमण्डल के महोरा बीट में सड़क किनारे एक बीमार सफेद भालू शावक दिखा। वह वहां पर अचेत हालत में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने उसे किसी तरह से उठाया और पानी पिलाया। इसके बाद उन्होंने वन विभाग के आला अधिकारियों को इसकी सूचना दी। फिर वन विभाग के



डीएफओ ने कर्मचारियों के साथ पहुंचकर भालू का उपचार कराया। डीएफओ ने बताया कि, सफेद भालू का रेस्क्यू किया गया है और इलाज के लिए टीम बुलाई गई है। फिलहाल शावक ठीक है, उसकी पल्स रेट ठीक चल रही है। उन्होंने कहा कि, अगर इस दौरान शावक की मां आती है तो जांच के बाद भालू के शावक को जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

वहीं पूर्व विधायक पहलवान सिंह मरावी ने वन विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाया है। बता दें कि, मरवाही वनमण्डल में हो रही अवैध कटाई और उत्खनन से भालू इस तरह सड़क किनारे और आबादी वाले क्षेत्र की ओर पहुंच रहे हैं। जंगलो में पर्याप्त भोजन और पानी की भी व्यवस्था नहीं है, जिस वजह से जंगली जानवर शहर की तरफरुख कर रहे हैं।

# बाल स्वरूप श्रीराम ने सबको मोह लिया, सफल रहा सियाराम सखा मंडल का आयोजन





### शहनाज अख्तर और कुमार विशु को सुनने उमड़ी भक्तो की भीड़

समवेत शिखर संवाददाता

**खरसिया।** श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर खरसिया नगर में सियाराम सखा मंडल और श्रीहनुमान सेवा समिति द्वारा भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भगवा रंग की मशहूर गायिका शहनाज अख्तर एवं कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं गाने वाले कुमार विशु ने भक्तों को भजन गंगा में डूबा दिया। रात्रि 3 बजे तक भक्तों को भीड़ भजनों में झूमती रही। वहीं सुबह निशान .यात्रा निकाली गई।

बुधवार को 21 हजार पुष्पों से हनुमान जी का महाअभिषेक किया गया। रात्रि में महाभंडारा के आयोजन हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहनाज अख्तर ने छुम-छुम छन न बाजे मैया पांव पैजनियां, पंडा कराए रहो पूजा, माता हैं गौरा पिता हैं महेश, भोला नई माने आदि प्रसिद्ध भजन गाए। वहीं कुमार विशु ने भला किसी का कर ना सको, कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, लौट के आजा हनुमान जैसे भजनों से प्रभु के भक्तों को रिझाया। वहीं प्राचीन हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी बिट्टू शर्मा के नन्हें सुपुत्र ने रामलाल का वेश धारण किया, जो सबके आकर्षण का केंद्र बना और मशहूर गायिका शहनाज अख्तर ने भी चरण छूकर प्रणाम किया। शाहनाज अख्तर ने मनोज गोयल एवं सियाराम सखा मंडल की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा बाबा का दरबार को लाइट, चॉकलेट और फूलों से सजाया, जो मनमोहक रहा। अमित अग्रवाल कोरबा, विनय अग्रवाल रायपुर ने बाबा के भजनों से कार्यक्रम की शुरुवात की। वहीं वृंदावन से पधारे पूजनीय परम श्रद्धेय राजू महाराज द्वारा महाअभिषेक करवाया गया। जिसमें 21 जोड़ो ने 21000 पुष्पों से अभिषेक किया।

# जोगी कांग्रेस के स्वकथित नेता के द्वारा महिला शिक्षिका से छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया

समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** जोगी कांग्रेस के स्वकथित नेता के द्वारा महिला शिक्षिका से छेड़-छाड़ और अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी बीते कई महीनों से उसके पीछे पड़ा हुआ था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार पत्थलगांव निवासी हैप्पी भाटिया खुद को जोगी कांग्रेस का नेता बताता है। उसके खिलाफ एक स्कूल की शिक्षिका ने छेड़-छाड़,अश्लील इशारा करने,पीछा कर गाली-गलौज,जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक आरोपी घर से स्कूल आते हुए उसका पीछा करता है, अश्लील इशारे करता है। वह खुद को जोगी कांग्रेस का बड़ा नेता बताते हुए स्कूल में भी आ धमकता है और कर्मचारियों के साथ ही उसे भी धमकाता रहता है। कभी विद्यालय परिसर के सामने अपनी गाड़ी में बैठ जाता है और उसे देखकर अश्लील इशारा करता है। पीड़िता के मुताबिक एक बार हिम्मत कर उसने आरोपी को इन सब हरकतों से मना किया तो आरोपी नाराज हो गया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इससे भयभीत पीड़िता महीनों तक उसका उत्पीड़न सहती रही। परंतु इससे आरोपी का हौसला और बढ गया। थक-हारकर उसने अपने पति और परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफधारा 354 घ, 509 ख, 294 तथा 506 ब के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला सुरक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुक्रम में पीड़िता की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में प्रथमदृष्ट्या संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आगे की विवेचना जारी है। यदि जांच के दौरान और भी तथ्य सामने आते है। तो उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध होने का यह कोई इकलौता मामला नहीं है। आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ पहले भी अपराधिक मामले दर्ज हुए हैं जिसमें दबंगई,लोगों से मारपीट करने, न्यूसेंस फैलाने समेत कई मामले पंजीबद्ध हो चुके हैं। वहीं उसके खिलाफ महिलाओं द्वारा सीसीटीवी तोड़ देने के साथ ही आदिवासी समाज के लोगों द्वारा भी कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। इनमें से कुछ मामले महिला आयोग और अनुसूचित जनजाति आयोग तक भी पहुंचे हैं। परंतु कभी राजनीति की आड़ में तो कहीं अन्य तरीकों से आरोपी इन सबसे बचता रहा है। यहां तक कि कुछ मामलों में पुलिस ने एफआईआर तो दूर जांच करना तक मुनासिब नहीं समझा। अब देखना यह है कि पुलिस ने इस मामले को दर्ज करने में जितनी गंभीरता दिखाई है उतनी ही गंभीरता मामले की जांच में दिखा पाती है या नहीं।

''पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई की जानी है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी हैप्पी भाटिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। जांच में और जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।''

**ध्रुवेश जायसवाल,**
**एसडीओपी, पत्थलगांव**

### चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने वाला शिक्षक निलंबित

**कोरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफ्लतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने जाने हेतु समस्त विभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण में आयोजित प्रशिक्षण 13 अप्रैल को मतदान अधिकारी क्रमांक 2 के दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन सेंट जोसेफ इंग्लिस मीडियम स्कूल बैकुण्ठपुर में किया गया था। जिसमें विकासखण्ड सोनहत के माध्यमिक शाला बसेर के शिक्षक दिग्विजय सिंह पैकरा अनुपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने दिग्विजय सिंह को प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने पर कारण बताओं नोटिस जारी कर लिखित स्पष्टीकरण 24 घंटे के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे।

# पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



समवेत शिखर संवाददाता

**कोरिया।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र 04 कोरबा के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक राहुल देव सिंह ने रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर परिसर स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

राहुल ने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के साथ स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री कक्ष, कट्रोल रूम, मतगणना कक्ष, मतदान सामग्री वितरण व वापसी केंद्र का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से पुलिस बल की तैनाती एवं उनके ठहरने की व्यवस्था के संबंध मे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटनिंग ऑफिसर अंकिता सोम ,उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपिका नेताम ,उप पुलिस अधीक्षक कविता ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।